# हरिभूमि

विश्व पर्यावरण दिवस

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com tजबलपुर, गुरुवार 5 जून 2025







विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लगातार की जा रही संसद के विशेष सत्र की मांग के बीच सरकार ने यह ऐलान किया

### केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने दी जानकारी

# संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



विपक्ष की ओर से लगातार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की जा रही है। इस बीच केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र की तारीखों का ऐलान किया। इस सत्र में कई अहम विधेयक पेश किए जाएंगे। संसद के मानसून सत्र की तारीखें घोषित हो गई हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा।

### पेश किया जा सकता है बीमा संशोधन विधेयक



संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

### *लोकसभा में कितना काम हुआ?*

*लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया था कि संसद के निचले सदन में 26 बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि कुल उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही।' उन्होंने बताया कि बजट सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पेश किए गए। वक्फ संशोधन विधेयक और मुस्लिम वक्फ (निरसन) विधेयक सहित 16 विधेयक पारित किए गए।*

### 'एक पेड़ मां के नाम' पहल

## प्रधानमंत्री मोदी आज लगाएंगे बरगद का पौधा

*एजेंसी ⏭नई दिल्ली*



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत बरगद का पौधा लगाएंगे। इसके अलावा, दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत 200 इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह न केवल स्वच्छ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देगा बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के प्रति राष्ट्र के सामूहिक दायित्व का भी प्रतीक होगा। मोदी गुरुवार को विशेष वृक्षारोपण पहल का नेतृत्व करते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित गतिशीलता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे। यह 'अरावली ग्रीन वॉल परियोजना' का हिस्सा होगा। जिसका उद्देश्य 700 किलोमीटर लंबी अरावली श्रृंखला को फिर से वनों से परिपूर्ण करना है।*

- 200 इलेक्ट्रिक बसों को भी दिखाएंगे हरी झंडी

*प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि यह परियोजना दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात सहित चार राज्यों के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास 5 किलोमीटर के बफर क्षेत्र में हरियाली का विस्तार करने की एक प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य वनीकरण, पुनर्वनीकरण और जल निकायों के जीर्णोद्धार के माध्यम से अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना है। वहीं, इसका उद्देश्य क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता और जलवायु अनुकूलता में सुधार करना भी है। गौरतलब हो, यह परियोजना स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय सृजन के अवसर प्रदान करते हुए लाभान्वित भी करेगी।*

**लोग 'मरते' रहे 'जश्न' चलता रहा**

## ◆ आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत की खुशी मनाने आए समर्थक ही भगदड़ में मारे गए, अब तक 15 की मौत

# जीत के जश्न में 'चीख-पुकार'



बेंगलुरु पुलिस का भीड़ नियंत्रण प्रबंधन फेल हो गया, इसकी तैयारी भी नहीं की गई थी | आरसीबी के खिलाड़ियों को एक खुली छत वाली बस में स्टेडियम तक जाना था

भाजपा का कहना है कि इस कार्यक्रम के लिए किसी भी तरह की तैयारी नहीं की गई थी इसकी जिम्मेदार राज्य सरकार है। हादसे के पीछे आयोजकों की भीषण लापरवाही

एजेंसी ⏭बेंगलुरु

पहली बार आईपीएल चैंपियन बनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बुधवार को विक्ट्री परेड से पहले जश्न का माहौल गम में तब्दील हो गया, क्योंकि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इस हादसे में अब तक 15 लोगों के मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा करीब 30 लोग घायल हो गए। अभी मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस ने सही और अंतिम आंकड़ा जारी नहीं किया है। घायलों में 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को बॉरिंग और वैदेही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना उस समय हुई जब टीम की जीत का जश्न मनाने के लिए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भारी भीड़ जमा थी।

### चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर अचानक आई भीड़ और हादसे में बदल गई आरसीबी की विक्ट्री परेड



बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि ये आहत करने वाली घटना

### लाखों की संख्या में जमा थे फैंस

आरसीबी को विधान सौधा में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मिलने के बाद विक्ट्री परेड आयोजित करनी थी। आरसीबी के खिलाड़ियों को एक खुली छत वाली बस में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम तक जाना था। यही वजह थी कि जश्न मनाने के लिए आरसीबी के हजारों फैंस 4 जून को स्टेडियम के बाहर इकट्ठा हुए। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस घटना पर अफसोस जाहिर की है। उन्होंने कहा कि ये आहत करने वाली घटना है। हमें इस बात की अंदाजा नहीं था कि कुछ इस तरह की घटना घट सकती है।

### ऐसे हुआ हादसा

प्रशंसकों की भीड़ एक नाले पर डाले गए अस्थायी स्लैब पर खड़ी हो गई। स्लैब लोगों का भार नहीं झेल सका और अचानक टूट गया, जिससे भगदड़ मच गई। टूटते स्लैब के साथ कई लोग नीचे गिर गए और भीड़ में कुचल गए।

### शिवकुमार ने मांगी माफी, बोले-बेकाबू थी भीड़



कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने इस घटना पर कहा कि बेकाबू भीड़ थी, इस कारण ऐसा हुआ। उन्होंने कहा कि मैं बेंगलुरु और कर्नाटक के सभी लोगों से माफी मांगता हूं। हम एक परेड निकालना चाहते थे, लेकिन भीड़ बेकाबू थी।

### आयोजन और भीड़ नियंत्रण पर सवाल

कर्नाटका स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आरसीबी खिलाड़ियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी को लेकर भारी संख्या में लोग स्टेडियम पहुंचे थे। कार्यक्रम से पहले सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के आरोप लगे हैं। हादसे के पीछे आयोजकों की लापरवाही और भीड़ कंट्रोल करने में हुई चूक की आशंका जताई जा रही है।

### उज्जैन पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में मधुमक्खियों का हमला

## इंस्पेक्टर की मौत, पांच पुलिसकर्मी घायल, शरीर पर कई जगह डंक मारे

हरिभूमि न्यूज ⏭उज्जैन



मक्सी रोड पर स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल (पीटीएस) में बुधवार दोपहर एक दुखद घटना घटी, जिसमें मधुमक्खियों के हमले के कारण इंस्पेक्टर रमेश कुमार धुर्वे की मौत हो गई और 5 अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, तेज आंधी के कारण ट्रेनिंग सेंटर के परिसर में एक पेड़ पर बना मधुमक्खियों का छत्ता टूट गया, जिससे सैकड़ों मधुमक्खियां उग्र होकर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों पर टूट पड़ीं। मधुमक्खियों ने जवानों के चेहरे और शरीर पर कई जगह डंक मारे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हमले में इंस्पेक्टर रमेश कुमार धुर्वे, दिनेश पटेल, कैलाशचौहान, बलराम चडार, राधेश्याम गोयल आदि।

- तेज आंधी से पेड़ पर बना छत्ता टूटने के बाद उग्र हुई मधुमक्खियां

### सीएम ने कहा-सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना से कार्य कर रही राज्य सरकार

# राज्य सरकार दिव्यांगजन को शासकीय नौकरियों में दे रही अतिरिक्त 2% आरक्षण

### दिव्यांगजन समाज के महत्वपूर्ण अंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। यह आत्मविश्वास ही उन्हें विशेष पहचान देता है। दिव्यांगजन समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी अपने-अपने क्षेत्र में योग्यताएं हैं।

राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए शासकीय नौकरियों (सीधी भर्ती) में अतिरिक्त 2 प्रतिशत आरक्षण दिया है। सरकार की भावना सर्वे भवन्तु सुखिनः रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र तथा अन्य हितलाभ वितरण कार्यक्रम को पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के सभागार में बोल रहे थे।



### दिव्यांगजन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं

*उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उनकी परेशानियां दूर करने के लिए सरकार सदैव तत्पर है। उन्होंने महाकवि सूरदास, अष्टावक्र, सुकरात, स्वामी रामभद्राचार्य, सुप्रसिद्ध संगीतकार रविंद्र जैन का उदाहरण देते हुए कहा कि शारीरिक सौंदर्य और शारीरिक पूर्णता से नहीं अपितु विशेषज्ञता पूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देकर इन महान व्यक्तित्वों ने समाज में योगदान दिया और इतिहास में स्थान बनाया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के 33 उप यंत्रियों, पुरातत्व विभाग के 10 और जल संसाधन विभाग के 5 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही 97 हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए गए।*

### भिंड के पुलिस अधीक्षक ने कथित रूप से की थी उनकी पिटाई

## पत्रकारों से मारपीट करने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, मप्र सरकार को जारी किया नोटिस

वकील ने पीठ से कहा कि याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया जाए



भोपाल। प्रदेश में रेत माफिया के खिलाफ रिपोर्टिंग करने पर पत्रकारों से मारपीट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई और मध्य प्रदेश को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

चंबल नदी में रेत माफिया का दुस्साहस

## कार्रवाई करने पहुंची राजस्थान पुलिस और वन अमले पर कर दिया पथराव



**श्योपुर।** चंबल नदी में रिझेटा घाट के पास कार्रवाई करने के लिए पहुंची राजस्थान के करनपुर थाना पुलिस की टीम और वन अमले पर रेत माफिया ने पथराव कर दिया। पुलिस ने बचाव में दो से तीन राउंड फायर किए। तब जाकर माफिया को खदेड़ा जा सका। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है। दो दिन पुरानी यह घटना बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले श्योपुर के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में रिझेटा गांव के पास बड़ी तादाद में माफिया रेत निकाल रहा था।

### अधिक कोहरा होने के कारण बुधवार दोपहर को खोज रोक दी गई

राजा के भाई विपिन मंगलवार को शव लेकर इंदौर के लिए निकले थे, बुधवार को हवाई जहाज से शव इंदौर लाया गया

# सोनम को तलाश रही टीम को मिली सिर्फ जैकेट, पर उसका सुराग नहीं

### सोनम के भाई ने कहा यह जैकेट बहन के नहीं | राजा के शव के पास भी एक सफेद टी शर्ट मिली थी

हरिभूमि न्यूज ⏭इंदौर

शिलांग जानें के 11वें दिन इंदौर निवासी राजा का शव पुलिस ने बरामद किया है, लेकिन उनकी पत्नी सोमन का पता तेरहवें दिन भी नहीं चला है। हालांकि, सर्चिंग टीम को एक जैकेट हाथ लगी है। शिलांग के पर्यटन क्षेत्र में इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या कर जहां लाश फेंकी गई। उससे कुछ दूरी पर लाल और काले रंग की जैकेट मिली है। पुलिस इसे सोनम की मान कर चल रही है।



### हत्या के पीछे कौन है? इसका पता लगाया जा रहा

हो सकता है कि जैकेट राजा की हत्या करने वाले बदमाशों की हो



शिलांग एसपी विवेक सिम ने बताया कि शिलांग में हनीमून मनाने गए राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को लापता हो गए थे। पुलिस ने राजा की हत्या में इस्तेमाल हथियार भी जब्त किया है। हत्या के पीछे कौन है? इसका पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि हत्या साजिश के तहत तो नहीं की गई है और किसी बाहरी व्यक्ति का हाथ तो नहीं है। जिस जगह पर जैकेट मिला है। उसके आसपास खोज तेज की गई है।

# दुनिया का सबसे ऊंचा 'चिनाब रेल ब्रिज' भूकंप प्रूफ है और 266 किमी प्रति घंटे की हवा में भी सुरक्षित रहेगा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

'चिनाब रेल ब्रिज' को इंजीनियरिंग का एक आधुनिक चमत्कार कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जम्मू और कश्मीर में स्थित यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। यह ब्रिज पेरिस के मशहूर एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है और दिल्ली की मशहूर कुतुब मीनार से लगभग 287 मीटर ऊंचा है।

लागत **1486** करोड़

ऊंचाई **359** मीटर

पाइल संख्या **333**



### क्या है ब्रिज की खासियत?

चिनाब रेल ब्रिज नदी के तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। 272 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग में 1315 मीटर का यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस पुल का निर्माण 1486 करोड़ की लागत से किया गया है। यह 266 किमी प्रति घंटे तक की हवा की गति का सामना कर सकता है. साथ ही यह ब्रिज भूकंपीय क्षेत्र पांच में स्थित है और रिक्टर स्केल पर 8 तीव्रता के भूकंप को सहने में सक्षम है।

### ये होंगे खास फायदे

इसके अलावा, 'चिनाब रेल ब्रिज' की वजह से कटरा और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय घटकर 3 घंटे और कम हो जाएगा। इसके शुरू होने से घाटी के लोगों के आने-जाने का समय काफी बच पाएगा। चिनाब ब्रिज पर पहला ट्रायल रन जून 2024 में सफलतापूर्वक पूरा हुआ था। इसके बाद जनवरी 2025 में वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल किया गया था।


### टिकाऊ और तकनीकी रूप से उन्नत

इसके ढांचे में 333 पाइल हैं। इसमें एंटी-कोरोजन तकनीक, पॉलीसिलॉक्सेन पेंट, उन्नत स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंफोर्सड प्लास्टिक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यह लंबे समय तक टिकाऊ रहेगा। इस ब्रिज के निर्माण ने भारत की डिजाइन और सर्टिफिकेशन में तकनीकी श्रेष्ठता को साबित किया है।

# अब आसानी से मिलेगा ट्रेन टिकट, फर्जी यूजर आईडी रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे ने टिकट बुकिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने अत्याधुनिक एआई आधारित बीओटी नियंत्रण प्रणाली और एक अग्रणी कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) सेवा प्रदाता के साथ मिलकर अपने डिजिटल टिकटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह से अपग्रेड किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अनधिकृत स्वचालित बुकिंग (ऑटोमैटेड बुकिंग) पर रोक लगाना और सामान्य यात्रियों को वेबसाइट तक बेहतर पहुंच प्रदान करना है। रेलवे के अनुसार, तत्काल बुकिंग शुरू होते ही पहले पाँच मिनट में 50 प्रतिशत तक लॉगिन प्रयास बॉट्स से होते हैं। लेकिन नई व्यवस्था ने ऐसे ट्रैफिक को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया है। 22 मई को रेलवे ने प्रति मिनट 31,814 टिकट बुकिंग का रिकॉर्ड बनाकर इस नई प्रणाली की मजबूती सिद्ध किया।







## दो बार वरिष्ठों की अनदेखी: सीजेआई

# सीजेआई चुनने में कांग्रेस ने खूब की थी 'मनमानी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने जजों की नियुक्ति को लेकर अहम टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करते समय दो बार सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशों को नजर अंदाज किया, उस समय न्यायाधीशों की नियुक्ति में अंतिम निर्णय सरकार का ही था। मुख्य न्यायाधीश ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 'न्यायिक वैधता और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखना के' विषय पर ये बातें कही हैं। इस गोलमेज सम्मेलन में इंग्लैंड और वेल्स की लेडी चीफ जस्टिस बैरोनेस कैर और यूके के सुप्रीम कोर्ट के जज जॉर्ज लेगट भी शामिल हुए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, भारत में, विवाद का एक मुख्य मुद्दा यह रहा है कि न्यायिक नियुक्तियों में प्राथमिकता किसकी है। 1993 तक, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति में अंतिम निर्णय कार्यपालिका का होता था। इस अवधि के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति में कार्यपालिका ने दो बार जजों के फैसले को अनदेखा किया, जो स्थापित परंपरा के विरुद्ध था। सीजेआई पद के लिए जिन दो जजों को दरकिनार किया गया है, वे हैं जस्टिस सैयद जाफर इमाम और जस्टिस हंस राज खन्ना। जस्टिस इमाम को 1964 में शीर्ष पद पर पद नहीं सौंपा जा सका था क्योंकि वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे और तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने जस्टिस पीबी गजेंद्रगढ़कर को यह पद सौंपा था। न्यायमूर्ति खन्ना को 1977 में इंदिरा गांधी सरकार की नाराजगी का सामना करना पड़ा था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को रद कर दिया था। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम ने न्यायिक नियुक्तियों में कार्यपालिका को प्राथमिकता देकर न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर किया है। 'कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना हो सकती है, लेकिन कोई भी समाधान न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर नहीं आना चाहिए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र)**

// निविदा सूचना // (1ST Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/ 2025 26/09/ पी.आर.ओ. / 208 दिनांक 04/06/2025 | Supply Installation Testiong & Commissioning of Highmast at Ward No. 79 Jabalpur | 03 माह एवं 1025092/- | 2000/- एवं 7688/- | 07/07/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम जबलपुर



**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग राजनांदगांव वनमंडल, राजनांदगांव**

कार्यालय- 225059

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल के डिपो में उपलब्ध ईमारती / जलाऊ / बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / वन काष्ठागार डिपो, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

चिरचारी काष्ठगार नीलाम दिनांक - 17.06.2025 समय : 09 बजे,

काष्ठगार का नाम - चिरचारी, वनमण्डल :- राजनांदगांव

| क्रं. | प्रजाति | नये वनोपज | | पुराने वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमरती घ.मी. | बल्ली/डे नग | ईमरती घ.मी. | बल्ली/डे नग | ईमरती घ.मी. | बल्ली/डे नग |
| 1. | सागौन | 197.158 | 38.49 | 333.886 | 4402 | 531.044 | 8251 |
| 2. | साजा | 58.720 | 684 | 21.203 | - | 79.923 | 684 |
| 3. | बीजा | 159.200 | 3622 | 186.620 | 220 | 345.820 | 3842 |
| 4. | ह.मु.ख. | - | - | 3.864 | - | 3.864 | - |
| 5. | धावड़ा | 168.358 | 1211 | 1.623 | - | 169.981 | 1112 |
| 6. | कसही | 27.300 | 95 | 3.857 | 3 | 31.157 | 98 |
| 7. | नीलगिरी | 2.283 | 15 | - | - | 2.283 | 15 |
| 8 | तिन्सा | 4.748 | 57 | 0.496 | 14 | 5.244 | 71 |
| 9 | सलिहा मोदे | 75.302 | 22 | - | - | 75.302 | 22 |
| 10 | कर्रा | 46.070 | 1271 | - | - | 46.070 | 1271 |
| 11 | भिरहा | 17.964 | - | - | - | 17.964 | - |
| 12 | अन्य | 98.335 | 780 | 2.419 | - | 100.754 | 780 |
| | योग | 885.438 | 11606 | 553.968 | 4639 | 1409.406 | 16245 |

1. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 60 चट्टा नया
2. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 336 चट्टा नया
3. अस्थाई डिपो डोंगरगांव का मिश्रित जलाऊ 276 चट्टा नया

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है । 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है । 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई. डी. से लॉग इन करके देख सकते है । 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा ।

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

जी-252601346/3


## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में अफसर निलंबित



**लखनऊ।** यूपी आईआरएस अधिकारियों के बीच विवाद व मारपीट के प्रकरण में संयुक्त आयुक्त योगेंद्र मिश्रा को निलंबित कर दिया है। सहायक आयुक्त गौरव गर्ग के साथ मारपीट के मामले में निलंबन की अवधि में कोलकाता और सिक्किम रीजन के इनकम टैक्स दफ्तर से सम्बद्ध किया गया है।


### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली



**पटना।** अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। बाद में बम की यह धमकी फर्जी निकली। उड़ान संख्या 6ई921 के जेपी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली।

### बच्चियों से रेप कर पोर्न पोर्टल पर डाले,गिरफ्तार

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नाबालिग लड़कियों से रेप और उनका यौन शोषण करने के आरोप में एक सीएससी संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने कई बच्चियों का रेप किया है।




**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**एम.बी.ए. (MBA) पाठ्यक्रम में प्रवेश-परीक्षा (CMAT-2025)/अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**
**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)**

| प्रथम चरण (प्रवेश परीक्षा (CMAT-2025) परीक्षा के आधार पर) | |
|---|---|
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 16.06.2025 से 29.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 30.06.2025 से 01.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 18.06.2025 से 03.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 04.07.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 09.07.2025 से 14.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **अर्हकारी परीक्षा के आधार पर पंजीयन दिनांक 16 जून 2025 से 19 जुलाई 2025 तक उपलब्ध रहेंगे, शेष प्रक्रिया द्वितीय चरण अनुसार रहेगी।** | |
| **द्वितीय चरण (प्रथमत: प्रवेश परीक्षा (CMAT-2025) परीक्षा तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 10.07.2025 से 19.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 20.07.2025 से 21.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 15.07.2025 से 23.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 24.07.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 28.07.2025 से 01.08.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) (प्रथमत: प्रवेश परीक्षा (CMAT-2025) परीक्षा तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2025 से 05.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 06.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2025 से 10.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 11.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2025 से 14.08.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 14.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

➢ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क:- 0755-6720205, 2660441, ईमेल:- dte.helpcenter@mp.gov.in**

संचालक
तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/120448/2025

जबलपुर
गुरुवार, 5 जून 2025
- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-9
- वर्ष : 20, अंक : 36
- पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## चांदी ऑल टाइम हाई 1 लाख 1 हजार के पार



**नई दिल्ली।** चांदी के दाम बुधवार को एक लाख एक हजार का ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार बुधवार को 1 किलो चांदी का भाव 540 बढ़कर 1,01,000 प्रति किलो पर ओपन हुआ था। हालांकि इसके बाद चांदी थोड़ी नीचे आई और ये 1,00,980 प्रति किलो पर बंद हुई। इससे पहले चांदी का भाव 1,00,460 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।




### मोदी सरकार ने पिछले दिनों ये फैसला लिया था कि वह जाति जनगणना करवाएगी

# पहाड़ी राज्यों में 1 अक्टूबर 26 तो मैदानी इलाकों में मार्च 27 से शुरु होगी 'जाति जनगणना'



माना जा रहा है कि जातीय जनगणना के आंकड़े आने के भारत में बहुत कुछ बदल जाएगा। इससे सबसे बड़ा जो बदलाव हो सकता है, वह है आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा को बढ़ाया जाना

**केंद्र सरकार के लिए यह एक बड़ा कदम तो विपक्ष के लिए बड़ा मुद्दा**



*साल 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के तहत जाति के आंकड़े जुटाए गए लेकिन इस डेटा का पूरी तरह प्रयोग नहीं किया गया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

1 मार्च 2027 से जाति जनगणना शुरू हो सकती है। जाति जनगणना 2 चरणों में कराई जाएगी। पहले 4 राज्यों में जाति जनगणना शुरू होगी। पहले चरण में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में जाति जनगणना होगी। इसकी शुरुआत 1 अक्टूबर, 2026 से होगी। वहीं, दूसरे चरण में अन्य सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में जाति जनगणना शुरू होगी। इसकी शुरुआत 1 मार्च, 2027 से होगी। यानी मैदानी राज्यों में मार्च 2027 से जाति जनगणना शुरू होगी और पहाड़ी राज्यों में 1 अक्टूबर 2026 से जाति जनगणना शुरू होगी। जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था, पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। 2021 में आयोजित की जाने वाली जनगणना के पहले चरण की सभी तैयारियां पूरी हो गई थीं और 1 अप्रैल, 2020 से कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में क्षेत्रीय कार्य शुरू होने वाला था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा। सरकार ने हाल ही में ये फैसला लिया था कि वह जाति जनगणना करवाएगी।

**2011 की पिछली जनगणना में भारत की जनसंख्या 121 करोड़ से अधिक दर्ज की गई थी**

### क्या होती है जाति जनगणना?

जाति जनगणना एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी देश या क्षेत्र की जनसंख्या का सर्वे करके विभिन्न जातियों और सामाजिक समूहों की संख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, और अन्य जनसांख्यिकीय जानकारी इकट्ठा की जाती है। इसका इस्तेमाल तमाम नीतियों और योजनाओं में होता है, जिसका लाभ जनता को भी मिलता है और सरकार को भी सही आंकड़े पता लगते हैं।

#### विपक्ष की थी लंबे समय से मांग

इससे पहले केंद्र सरकार जातिगत जनगणना को मंजूरी दे चुकी है। विपक्ष इसकी मांग लंबे समय से कर रहा था। जातीय जनगणना की मांग करने वालों में पक्ष-विपक्ष दोनों के नेता शामिल थे। माना जा रहा है कि जातीय जनगणना के आंकड़े आने के भारत में बहुत कुछ बदल जाएगा। इससे सबसे बड़ा जो बदलाव हो सकता है, वह है आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा को बढ़ाया जाना।

#### जाति जनगणना के लाभ क्या हैं?

जाति जनगणना से सामाजिक न्याय और समानता सुनिश्चित होता है क्योंकि सरकार उसी हिसाब से योजनाएं बनाती है। इससे नीति निर्माण में सहायता मिलती है और पिछड़े समुदायों की पहचान होती है। ये पहचान होने से इस समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा सकती हैं और उनकी स्थिति को सुधारा जा सकता है। चूंकि इससे सटीक डेटा मिलता है तो सरकार संसाधनों का उचित वितरण कर सकती है। जिससे भेदभाव की आशंका कम हो जाती है। इसके अलावा इससे सामाजिक असमानताओं का विश्लेषण होता है, जो सामाजिक असमानताओं को दूर करने में सहायक होता है।




### महिला गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती कराया गया


## चरित्र शंका को लेकर पति बना हैवान महिला के स्तन, नाक और कान काटे

प्राइवेट पार्ट पर भी किया वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में एक पति ने अपनी पत्नी पर शक के चलते चाकू से हमला कर दिया। उसने महिला के नाक, कान और सीने पर कई वार किए। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सारंगपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर शाजापुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना लीमाचौहान थाना क्षेत्र के पाडल्यामाताजी गांव में हुई। 35 वर्षीय सावित्री बाई ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार को अपने मायके से ससुराल आई थी। तभी उसके पति कमल वर्मा ने उस पर चरित्र को लेकर शक किया और मारपीट करने लगा। गुस्से में उसने घर में रखा चाकू उठाया और सावित्री के नाक, कान और सीने पर 5-6 बार वार कर दिए। सावित्री की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। तभी आरोपी कमल वर्मा मौके से फरार हो गया। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है।





#### शादी के बाद से ही कर रहा था शक

सावित्री ने पुलिस को बताया कि कमल वर्मा शादी के कुछ सालों बाद से ही उस पर शक करता था। इस वजह से वह पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट कर चुका है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रहा है। वह फरार चल रहा है।

थाना प्रभारी अनिल राहोरिया ने बताया कि सावित्री बाई की रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### आठ माह की बच्ची की संदिग्ध मौत, मां पर शक

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र स्थित प्रजाप्रत नगर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। आठ माह की बच्ची मायरा का शव घर के आंगन में बनी हौज में मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह मामला महज एक हादसा नहीं, बल्कि संभावित हत्या का प्रतीत हो रहा है। जिस टंकी में शव मिला उसका ढक्कन बंद था और उस पर पानी की मोटर रखी हुई थी। मां पर ही शक जताया गया है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि इतनी छोटी बच्ची हौज में कैसे पहुंची। यही बात इस मौत को संदेहास्पद बनाती है और पुलिस इसे हत्या की दिशा में भी जांच रही है।



### राहुल के बयान... 'नरेंद्र-सरेंडर' पर वार-पलटवार

## सीएम यादव ने कहा- राहुल 'पप्पू हैं... वे आखिर कब परिपक्व होंगे?

**राहुल को माफी मांगनी चाहिए**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मंगलवार को भोपाल आए राहुल गांधी के बयान 'नरेदर-सरेंडर' पर बवाल मचा हुआ है। इसे लेकर भाजपा -कांग्रेस के बीच वार-पलटवार जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इसीलिए तो राहुल गांधी को 'पप्पू' कहते हैं। आखिर वह परिपक्व कब होंगे? नेता प्रतिपक्ष मर्यादा छोड़ कर जिस भाव से बोलते हैं, वह न केवल उनकी इज्जत खराब करते हैं, बल्कि देश के संस्कार के विरुद्ध भी बात करते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए उन्होंने जो शब्द बोले हैं। जिस ढंग से ट्रंप की बात की है। यह उनका हल्कापन है। मैं कटु शब्दों में उनकी निंदा करता हूं। इसके लिए राहुल को माफी मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की मर्यादा होती है, बहुत गरिमापूर्ण पद है। लेकिन वे जिस तरह की भाषा मोदी जी को लेकर उपयोग कर रहे हैं, मेरे मन में बड़ी निराशा है।

**प्रधानमंत्री मोदी क्यों नहीं कहते ट्रंप ने झूठ कहाः पटवारी**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने यही कहा कि ट्रंप के सामने नरेंद्र मोदी झुके हैं। अगर नहीं झुके तो मुख्यमंत्री डॉ, यादव प्रधानमंत्री मोदी से बयान दिलवाएं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। जवाब देना चाहिए कि हम दबाव में नहीं आए। ट्रंप लगातार बोल रहे हैं और प्रधानमंत्री मौन हैं। इस पर न तो विदेश सचिव ने कुछ कहा। विदेश मंत्री ने भी इसके खिलाफ कोई बयान नहीं दिया। नरेंद्र मोदी ने भी बयान नहीं दिया। इसलिए स्वाभाविक है कि जो ट्रंप बोल रहा है उसमें सच्चाई थी।

### एआरटीओ और एजेंट के विरुद्ध कार्रवाई

**बड़वानी।** इंदौर स्थित लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को बड़वानी जिले में रिश्वत लेने के आरोप में जिला परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) और एक एजेंट के विरुद्ध कार्यवाही की है। लोकयुक्त पुलिस ने आरटीओ एजेंट को 10 हजार की रिश्वत लेते किया रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरटीओ रीना किराड़े को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। दोनों की भूमिका रिश्वत मामले में सामने आई है। लायसेंस और रिनुवल के एवज में रिश्वत मांगी थी।

### 22 जनवरी 2024 को 3 लाख 72 हजार 520 लोगों से ठगी की गई

## अयोध्या में राम मंदिर के प्रसाद के नाम पर 2.15 करोड़ रु. की ठगी

अब धनराशि को पीड़ितों को वापस करवाया जा रहा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

हद है

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और विशेष प्रसाद के नाम पर 2.15 करोड़ रुपए की ठगी की गई। थाना साइबर क्राइम ने खादी ऑर्गेनिक डॉट कॉम वेबसाइट का खुलासा किया। इस वेबसाइट के जरिए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी 2024 को 3 लाख 72 हजार 520 लोगों से ठगी की गई।



#### ये साइबर क्राइम

यह ठगी श्रद्धालुओं को विशेष प्रसाद वितरण के नाम पर की गई। साइबर ठगी का यह मामले में कुल 2 करोड़ 15 लाख 8 हजार 426 रु. की ठगी की गई। एसएसपी गौरव ग्रोवर के मुताबिक साइबर अपराधी व साइबर क्राइम के विरुद्ध अभियान के तहत यह मामला पकड़ में आया। अब धनराशि को पीड़ितों को वापस करवाया जा रहा है।

#### फ्री प्रसाद वितरण करने के नाम पर पैसा लिया

मो. अरशद ने बताया कि 17 जनवरी 2024 को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अयोध्या राम जन्मभूमि क्षेत्र में मौजूद है और लोगों से श्री रामजन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठान तिथि 22 जनवरी 2024 के अवसर पर होने वाले अनुष्ठान के बाद फ्री प्रसाद वितरण करने के नाम पर नागरिकों से न्यूनतम 51 रुपए और विदेशी नागरिकों से न्यूनतम 11 डालर सुविधा सप्लाई शुल्क के नाम पर वेबसाइट खादीऑर्गेनिक डॉट कॉम के माध्यम से ले रहा है। वास्तव में वह लोगों से धनराशी फ्रॉड कर अपनी उपरोक्त वेबसाइट के माध्यम से अपने खाते में ले रहा है। इस पर तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने फ्रॉड करने वाले विदेशी नागरिक आशीष कुमार के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। उन्होंने बताया कि विवेचना में ज्ञात हुआ कि लगभग 630695 लोगों से 3,85,55,739 रुपए प्रसाद वितरण के नाम पर फ्रॉड कर वेबसाइट के माध्यम से लिया गया था।




MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
MADHYA PRADESH
The heart of Incredible India
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट 2025
5 जून 2025 | प्रात: 11:00 बजे
होटल अंजुश्री, उज्जैन, मध्यप्रदेश
स्वास्थ्य और आरोग्य के नये युग में प्रवेश
भारत के हृदयस्थल मध्यप्रदेश के उज्जैन में पहली बार आयोजित होने जा रहे 'स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट' का अनुभव करें — जहां आयुर्वेद, योग और समग्र जीवन शैली के वैश्विक विशेषज्ञ और अग्रणी चिन्तक एकत्र होकर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, ताकि एक समग्र, चैतन्य और संतुलित जीवनशैली के भविष्य को सही दिशा दी जा सके।
आइये, भारत में आध्यात्मिक और समग्र कल्याण के नए केंद्र के रूप में उभर रहे मध्यप्रदेश के उज्जैन में वैश्विक कल्याण के भविष्य को आकार देने वाले अनूठे अनुभव का हिस्सा बनें।
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
मुख्य आकर्षण एवं गतिविधियां
पैनल डिस्कशन
• साझेदारी मॉडल पर विचार-विमर्श
• वेलनेस ईकोसिस्टम और कार्यबल का निर्माण
मुख्यमंत्री के साथ वन-टू-वन मीटिंग्स
वेलनेस विज़निंग (स्वास्थ्य कल्याण परिकल्पना)
वेलनेस सेशंस (स्वास्थ्य कल्याण सत्र)
नॉलेज पार्टनर
EY
Shape the future with confidence
इण्डस्ट्री पार्टनर
CII
Confederation of Indian Industry
D-11039/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी




## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# टाटा हिताची ने 5 व्हील लोडर पेश किया



**जबलपुर।** टाटा हिताची ने अपना नवीनतम इनोवेशन, नया टीएल 340 एच सीईवी 5 व्हील लोडर लॉन्च किया। नया टीएल 340 प्राइम सीईवी 5 दमदार कार्य प्रदर्शन, बेहतर ईंधन सक्षमता और ऑपरेटर को अधिक आराम पहुंचाने के लिए बना है। इससे हर तरह के काम जैसे मटीरियल हैंडलिंग, खनन, इन्फ्रास्ट्रक्चर और उत्खनन में अधिक कार्य सक्षम होने का भरोसा रहेगा। टाटा हिताची के मार्केटिंग महाप्रबंधक सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने बताया कि यह लांच हाल ही में टीजीएस होटल, जबलपुर रोड, कटनी, मध्य प्रदेश में हुआ। इस अवसर पर टाटा हिताची और कैलाश इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के पार्टनर और ग्राहक व वरिष्ठ प्रबंधन के लोग उपस्थित थे।

# वेदांतु के छात्र दक्ष का सुयश




**जबलपुर।** वेदांतु, जेईई एडवांस्ड 2025 के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वालों में बैंगलोर के दक्ष तायलिया भी शामिल हैं, जिन्होंने गणित में पूरे 120 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 15वाँ स्थान प्राप्त किया है और कर्नाटक राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा वेदांतु परिवार को गौरवान्वित करने वाले गोरखपुर के प्रखर सिंह भी हैं, जिन्होंने लॉन्ग टर्म बैच में अखिल भारतीय 92वीं रैंक हासिल की है इसके अलावा 8अन्य छात्रों ने भी प्रदर्शन किया हैं।

# आईपीएल फाइनल में गूंजी आयोडीन नमक की धुन


**जबलपुर।** देश में आयोडीन युक्त नमक के टाटा साल्ट ने, 'नमक हो टाटा का टाटा नमक' के दूसरे संस्करण को आईपीएल फाइनल में लांच किया है। देश भर में लोगों का टाटा नमक से प्यार, और जुड़ाव को और गहरा बनाता ये कैंपेन, ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल को, ब्रांड के उद्देश्य से जोड़ते हुए, एक नए सिरे से पेश कर रहा है। नए कैंपेन में टाटा नमक, आयोडीन की सही मात्रा से बच्चों के मानसिक विकास में सहायता करता है, जिससे देश का भविष्य और भी सशक्त बनता है। 'देश का नमक' के दर्जे को और भी मजबूत कर रहा है।

# चांदी 1 लाख के पार निकली, 1,00,460 किलो सोना 187 रु.महंगा होकर 96,867 रु.हुआ

**एजेंसी], नई दिल्ली ।** सोने-चांदी के दाम में यानी 3 जून को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 187 बढ़कर 96,867 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 96,680 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी का भाव 2,699 बढ़कर 1,00,460 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 97,761 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक 20,705 रुपए महंगा हो चुका है सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,705 रुपए ।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5888



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

**शब्द पहेली- 5887 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| ब | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5898

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL BENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5897 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |



## खबर संक्षेप

### रुपया 29 पैसे टूटकर 85.90 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे टूटकर 85.90 पर बंद हुआ। जोखिम से बचने की धारणा और विदेशी कोषों की निकासी के कारण रुपये में गिरावट आई। रूस-यूक्रेन के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण रुपये पर दबाव रहा।

### स्कोडा ट्यूब्स का निर्गम 140 रुपए पर ही सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप विनिर्माता स्कोडा ट्यूब्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 140 रुपये के बराबर ही बाजार में बुधवार को सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर ने 140 रुपये पर ही कारोबार की शुरुआत की। बाद में, बीएसई पर शेयर 4.96 प्रतिशत चढ़कर 146.95 रुपये पर जबकि एनएसई पर पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ 147 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 874.37 करोड़ रुपये रहा।

### मिलने वाली राशि आतंकवाद के वित्तपोषण में उपयोग से भारत चिंतित

# भारत ने एडीबी से पाकिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता पर कड़ा विरोध जताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बहुपक्षीय संस्थानों से पाकिस्तान को मिलने वाली राशि आतंकवाद के वित्तपोषण और रक्षा क्षेत्र में इस्तेमाल किए जाने को लेकर चिंता जताते हुए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से पड़ोसी देश को दी जाने वाली किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता पर कड़ा विरोध जताया है।


सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एडीबी ने हाल ही में पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के आर्थिक पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि पाकिस्तान की राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

### सलाहकार मंत्री ने भी दी गारंटी

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है।

### सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा

सूत्र ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की मौजूदा शासन प्रणाली को लेकर भी कड़ी आपत्ति जताई है, जो क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए लगातार गंभीर खतरा बनी हुई है। सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा देने की इसकी नीति ने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को खराब कर दिया है और पाकिस्तान के लिए व्यापक आर्थिक जोखिम को काफी हद तक बढ़ा दिया है, जिससे एडीबी के लिए भी उद्यम जोखिम बढ़ गया है।




### एफएटीएफ की सिफारिशें लागू करने में ढीला रवैया

भारत ने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की सिफारिशों को लागू करने में पाकिस्तान के ढीले रुख को भी सामने रखा है। सूत्र ने कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण की जांच और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी सरगनाओं के अभियोजन और आपराधिक संपत्तियों को जब्त करने के मामले में प्रगति असंतोषजनक है।

- एडीबी ने पाक के लिए 80 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज मंजूर किया
- राशि पाक को वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही
- पाकिस्तान के कर संग्रह में 13 फीसदी की गिरावट दर्ज

### पाक के रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि

दूसरी तरफ, इसी अवधि में इसके रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सूत्र ने कहा, "ये आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान को विशेष रूप से जो राशि नीति-आधारित कर्ज के रूप में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से मिलती है, उसका उपयोग विकास कार्यों की जगह रक्षा व्यय बढ़ाने में किया जाता है।"

***कार्यान्वयन पर एडीबी नजर रखेंगा :*** *भारत ने उम्मीद जताई है कि एडीबी वांछित नतीजे हासिल करने के लिए नीतियों के कार्यान्वयन पर करीबी नजर रखेगा। 2017-18 में 13 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 9.2 प्रतिशत रह गया है ।*

### आर्थिक मामलों का ट्रैक रिकॉर्ड दर्ज

पाकिस्तान के आर्थिक मामलों में सेना का दखल बढ़ा है। दूसरी तरफ उसके विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का 'ट्रैक रिकॉर्ड' अच्छा नहीं है। इससे नीतिगत चूक और सुधारों की स्थिति बिगड़ने का जोखिम है। पूर्व में भी ऐसा देखने को मिला है। यहां तक कि नागरिक सरकार के सत्ता में होने पर भी सेना घरेलू राजनीति में एक बड़ी भूमिका निभाती है और अर्थव्यवस्था में अपनी पैठ बढ़ाती है।

### पाक में नीतिगत सुधार एडीबी द्वारा संचालित

इसके अलावा, पिछले कई वर्षों में पाकिस्तान में नीतिगत सुधार मुख्य रूप से एडीबी सहित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से बाहरी समर्थन द्वारा संचालित किए गए हैं। बाहरी समर्थन पर बहुत अधिक निर्भरता स्थानीय स्वामित्व को कमजोर करती है और निर्भरता का एक चक्र बनाती है।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में रोजगार के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों तथा अमेरिका और चीन के राष्ट्रपति के बीच इस सप्ताह व्यापार वार्ता पर बातचीत के कारण भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं।

- सेंसेक्स 261 अंक चढ़ा, निफ्टी 77 .70 फीसदी उछला

### अमेरिका बाजार बढ़त के साथ बंद

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, "सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बाद भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए और निफ्टी 0.32 प्रतिशत बढ़कर 24,620 अंक पर पहुंच गया। अप्रैल में उम्मीद से बेहतर रोजगार के आंकड़ों के बाद मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर



- मांग की स्थिति बेहतर रही
- नए ग्राहक मिलने से समर्थन मिला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर रही। इसे मांग की बेहतर स्थिति, नए ग्राहक मिलने आदि जैसे कारकों से समर्थन मिला। बुधवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा जो अप्रैल में 58.7 पर था। यह आंकड़ा विस्तार की एक और तीव्र दर का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, "भारत का सेवा पीएमआई मई 2025 में 58.8 रहा जो हालिया वृद्धि के अनुरूप मोटे तौर पर स्थिर है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने सेवा गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, जैसा कि अप्रैल से नए निर्यात व्यापार सूचकांक में उछाल से स्पष्ट है। सर्वेक्षण के अनुसार, नए ऑर्डर में तीव्र वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से विज्ञापन, मांग की मजबूती और मौजूदा ग्राहकों से दोबारा मिले ऑर्डर के कारण हुई।

### ओवरटाइम से कंपनियों की लागत बढ़ी

कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि और 'ओवरटाइम' भुगतान के कारण कंपनियों की लागत में वृद्धि हुई। कुछ कंपनियों ने खाना पकाने के तेल, सामग्री और मांस पर अधिक व्यय का भी हवाला दिया। इस बीच, 'एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक' मई में 59.3 रहा जो अप्रैल में 59.7 था।

### मई में आईईएक्स के बिजली कारोबार की मात्रा 14% बढ़ी

**नई दिल्ली।** आईईएक्स के बिजली कारोबार की मात्रा मई में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1094.6 करोड़ यूनिट (एमयू) हो गई। आईईएक्स ने मई 2024 में 9,56.8 करोड़ यूनिट का मासिक बिजली व्यापार हासिल किया था। मई में कुल 17.43 लाख अक्षय ऊर्जा प्रमाणपत्र का कारोबार हुआ जो सालाना आधार पर 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# आदित्य बिड़ला फैशन से बाहर निकली फ्लिपकार्ट




- छह प्रतिशत हिस्सेदारी 588 करोड़ रुपए में बेची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने बुधवार को आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल (एबीएफआरएल) में अपनी समूची छह प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 588 करोड़ रुपये में बेच दी। इन शेयरों की बिक्री के साथ ही फ्लिपकार्ट एबीएफआरएल से पूरी तरह अलग हो गई है।

उसके पास पैंटालून्स, वैन ह्यूसेन और लुइस फिलिप जैसे परिधान ब्रांड हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर थोक सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बेंगलुरु स्थित फ्लिपकार्ट ने अपनी अनुषंगी फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जरिये एबीएफआरएल में छह प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 7,31,70,731 शेयर बेचे।

इन शेयरों का निपटान औसतन 80.32 रुपये प्रति शेयर के भाव पर किया गया। इस तरह कुल लेनदेन का मूल्य 587.71 करोड़ रुपये हो गया।

### एबीएफआरएल के शेयर 10.37 फीसदी टूटे

एनएसई पर एबीएफआरएल के शेयर 10.37 प्रतिशत गिरकर 77.08 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुए। अक्टूबर, 2020 में आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी एबीएफआरएल ने फ्लिपकार्ट समूह से 1,500 करोड़ रुपये का कोष जुटाने की घोषणा की थी।

# रिलायंस इंफ्रा को मिली बढ़ी राहत




- एनसीएलएटी ने रिलायंस इन्फ्रा के खिलाफ दिवाला कार्यवाही रोकी

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़ी राहत देते हुए कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने उसकी अपील पर सुनवाई के बाद एनसीएलटी के आदेश पर रोक लगा दी है। एनसीएलएटी ने अपने आदेश में कहा, "राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा पारित 30 मई, 2025 के आदेश को निलंबित कर दिया गया है, जिसमें कंपनी को कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में भेजने का निर्देश दिया गया था।


सत्यमेव जयते
भारत सरकार

"भारत वह सब प्रदान करता है जिसकी नवप्रवर्तकों और निवेशकों को आवश्यकता है। मैं विश्व को प्रतिभा, बाजार, पूंजी, पारिस्थितिकी तंत्र और खुलेपन की संस्कृति के पाँचों स्तंभों के आधार पर भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित करता हूँ।"

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



भारत में निवेश करें
भविष्य में निवेश करें

भारत में एफडीआई
अभूतपूर्व विकास का खुला द्वार

- वित्त वर्ष 2003-14 में 308.38 अरब डॉलर से वित्त वर्ष 2014-25 में 748.78 अरब डॉलर तक 143% की वृद्धि
- वित्त वर्ष 2024-25 में 81.04 अरब डॉलर का FDI प्रवाह
- पिछले वर्ष से 14% की वृद्धि
- 3 वर्षों में सबसे अधिक
- 2017 से अब तक 1300 + निवेश प्रस्तावों का निपटारा

वैश्विक व्यवसाय भारत को क्यों चुनते हैं ?

नवाचार और अनुसंधान का केंद्र : विश्व में AI कौशल में प्रथम स्थान
युवा और कुशल कार्यबल : औसत आयु 30 वर्ष से कम, 954 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता
उदार क्षेत्रों में निवेश : रक्षा, दूरसंचार, अंतरिक्ष एवं अन्य
हरित विकास की प्रतिबद्धता : जी20 में सबसे तेजी से नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने वाला देश। वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन

एक ऐसा ट्रैक रिकॉर्ड जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं

★ स्थिर नीतिगत ईकोसिस्टम
★ सुधार आधारित शासन
★ उम्मीद के अनुरूप विनियामक रूपरेखा
★ भारत के आधारभूत आर्थिक पहलुओं पर वैश्विक विश्वास

#InvestInIndia | #FDIIndia | #MakeInIndia | #IndiaMeansBusiness

www.nsws.gov.in | www.dpiit.gov.in | Follow us: @dpiit_moci | @DPIITGoI

CBC 05201/13/0002/2526




इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# करुणाकरण-वरियाथ से भारत की उम्मीदें कायम

एजेंसी ▶▶| जकार्ता




सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर में के बाद बाहर हो गईं।

करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट तक चले शुरुआती दौर के कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 15-21, 21-16, 21-17 से हराया। इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से 14-21, 9-21 से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों 15-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ 11-21, 21-16, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## थाईलैंड के खिलाफ भारत करेगा आगाज

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैंपियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं। टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को छह सितंबर को जापान से खेलना है जबकि आठ सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा।

## टेस्ट क्रिकेट अभी भी टी20 से पांच पायदान ऊपर

**अहमदाबाद।** खिताब जीतने के बाद विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना प्यार एक बार फिर जाहिर किया। उन्होंने आरसीबी के खिताब जीतने के बाद मैथ्यू हेडन से कहा, 'मेरे कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ पलों में से यह एक है। लेकिन फिर भी यह टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे है। मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट की इतनी इज्जत है। मैं युवाओं से इतना ही आग्रह करुंगा कि टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा खेलोगो तो दुनिया में कहीं भी जाओगे तो लोग तुम्हारा सम्मान करेंगे। अगर दुनिया में क्रिकेट में सम्मान पाना है तो टेस्ट क्रिकेट खेलो और अपना सब कुछ उसे दे दो।'

# मुसेटी का सेमीफाइनल में अल्काराज से होगा सामना



एजेंसी ▶▶| पेरिस

लोरेंजो मुसेटी ने अपने बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल करते हुए फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह पक्की की।

इटली के 23 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल इसी स्टेडियम में ओलंपिक का कांस्य पदक जीता था। फाइनल में जगह पक्की करने के लिए मुसेटी सामने अब गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज की चुनौती होगी। अल्काराज को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 6-0 6-1 6-4 से हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। महिलाओं के मुकाबलों में तीन बार की गत विजेता इगा स्वियातेक और आर्यना सबालेंका दोनों ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। इन दोनों के बीच होने वाले अंतिम चार का मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा।

# गुकेश नॉर्वे चेस में नाकामुरा से हारे एरिगैसी की खिताबी दौड़ में

एजेंसी ▶▶| स्टवांगेर

अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारु नाकामुरा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश की क्लासिकल प्रारूप में लगातार जीत के सिलसिले को तोड़ते हुए




पूरे तीन अंक हासिल किए, जबकि अर्जुन एरिगैसी ने नॉर्वे शतरंज में फैबियानो कारुआना को हराकर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी की। शुरुआती मुकाबलों में पिछड़ने के बाद गुकेश ने इस प्रतियोगिता में लय हासिल कर शानदार वापसी की थी। भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी ने आठवें दौर के अहम मुकाबले में सफेद मोहरों से खेल रहे नॉर्वे शतरंज के पूर्व चैंपियन कारुआना को 'टाइम' प्रारूप में हराकर शानदार जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में अब दो और दो बचे हुए हैं और गुकेश 11.5 अंकों के साथ नाकामुरा के साथ तीसरे स्थान पर हैं। एरिगैसी से हारने के बाद भी कारुआना (12.5 अंक) तालिका में शीर्ष पर है। आर्मागेडन टाई-ब्रेक में चीन के वेई यी से हारने वाले कार्लसन 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि एरिगैसी 10.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य), एस.ई.सी.आर., नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**अनु. क्र. 1, निविदा सूचना संख्या: सी/08/एनजीपी/2025-2026**
**कार्य का नाम:** ADEN/Tr./Nagpur के अधिकार क्षेत्र में रैम्प, नॉन-स्लिपरी एक्सेस रूट, पेयजल बूथ, कम ऊंचाई वाला टिकट काउंटर, पेयजल सुविधा के साथ पैसेंजर हॉल्ट स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार पर रैम्प और प्लेटफॉर्म के सिरों पर इंटर प्लेटफॉर्म ट्रांसफर हेतु रास्ता दिव्यांगजनों व सीमित गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 3,54,23,735/-
**बोली सुरक्षा राशि:** रु. 3,27,100/-

**अनु. क्र. 2, निविदा सूचना संख्या: सी/09/एनजीपी/2025-2026**
**कार्य का नाम:** ADEN/Tumsar Road के अधिकार क्षेत्र में रैम्प, नॉन-स्लिपरी एक्सेस रूट, पेयजल बूथ, कम ऊंचाई वाला टिकट काउंटर, पेयजल सुविधा के साथ पैसेंजर हॉल्ट स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार पर रैम्प और प्लेटफॉर्म के सिरों पर इंटर प्लेटफॉर्म ट्रांसफर हेतु रास्ता दिव्यांगजनों व सीमित गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 96,50,214/-
**बोली सुरक्षा राशि:** रु. 1,93,000/-

**अनु. क्र. 3, निविदा सूचना संख्या: सी/10/एनजीपी/2025-2026**
**कार्य का नाम:** (1) SSE/P.Way/Kamptee के अधिकार क्षेत्र में डी.के.यू. (दुमरी खुर्द) यार्ड में लाइन नंबर 2 (WCL साइडिंग) का पूर्ण ट्रैक नवीनीकरण। (2) Sr.DEN/C/Nagpur. के अधिकार क्षेत्र में टी.टी.आर. (TWS) - 106 सेट (1:12)
**अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 1,85,66,147/-
**बोली सुरक्षा राशि:** रु. 2,42,800/-

**अनु. क्र. 4, निविदा सूचना संख्या: इ/10/एनजीपी/2025-2026**
**कार्य का नाम:** Sr. DEN/East/NGP के अधिकार क्षेत्र में रैम्प, नॉन-स्लिपरी एक्सेस रूट, पेयजल बूथ, कम ऊंचाई वाला टिकट काउंटर, पेयजल सुविधा के साथ पैसेंजर हॉल्ट, स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार पर रैम्प और प्लेटफॉर्म के सिरों पर इंटर प्लेटफॉर्म ट्रांसफर हेतु रास्ता दिव्यांगजनों व सीमित गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 2,88,70,765.73/-
**बोली सुरक्षा राशि:** रु. 2,94,400/-

उपरोक्त निविदाओं हेतु बिडर्स अपनी बोलियां केवल **27.06.2025 को दोपहर 15:00 बजे तक** सबमिट कर सकते हैं। मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य)**
**द.पू.म. रेलवे नागपुर**
AAA/8/39
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**

निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**-डी आर एम-डब्ल्यू -जे.बी.पी 88-2025, दिनांक 30.05.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत तीन विविध कार्य भाग-1:-रेल सौरभ कॉलोनी, जबलपुर में ट्रांजिट हाउस का नवीनीकरण। भाग-2:-सहायक मंडल अभियंता/ मुख्यालय/ जबलपुर के अंतर्गत मदनमहल में प्रेम नगर कॉलोनी का सुधार। भाग-3:-जबलपुर में महाप्रबंधक कार्यालय में लेखा विभाग के अधिकारियों के कक्ष का नवीनीकरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य (रुपए)**-1,88,50.308/-, **बयाना राशि रुपए**-2,44,300/-, **समापन अवधि**-12 माह। **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक**-24.06.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजे तक**-24.06.2025। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस वोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। (हस्ता.)

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),पमरे/जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**भिलाई इस्पात संयंत्र**
**भिलाई, जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़, इंडिया, 490001**
सेल SAIL
Great Place To Work Certified

**सूचना : एससी/एसटी स्वामित्व वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग में विक्रेता पंजीकरण अभियान**

संदर्भः सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति, आदेश 2012
उपरोक्त नीति के अनुरुप, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा एससी/एसटी के स्वामित्व वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (केवल निर्माता) के पंजीकरण हेतु एक विक्रेता पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जो उद्यम एमएसएमई अधिनियम के अंतर्गत लागू प्रावधानों के अनुसार एससी/एसटी के स्वामित्व वाले एमएसई के रूप में अर्हता प्राप्त करते हैं, उनसे अनुरोध है कि नीचे दिए गए प्रारूप में एक घोषणा पत्र एवं संबंधित सहायक दस्तावेज निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करें:

महाप्रबंधक (एमपीआरडी, वीडीसी एवं क्यूजीए)
कमरा नंबर 477, चौथी मंजिल,
इस्पात भवन, भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई- 490001 (छत्तीसगढ़)
ईमेलः vendorcell.bsp@sail.in

**एससी/एसटी एमएसई घोषणा प्रारूप**

विक्रेता का नामः मेसर्स ____
पताः ____
ईमेल आईडीः ____
संपर्क नंबरः ____
उद्यम (UDYAM) संख्याः ____
एससी/एसटी स्वामित्व प्रमाणपत्रः ____
वस्तु/उत्पाद निर्माताः ____
(राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी वैध प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें)

**घोषणा पत्र**

हम यहां यह घोषणा करते हैं कि उपरोक्त प्रदान की गई जानकारी हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। हमें यह ज्ञात है कि किसी भी प्रकार की गलत घोषणा हमें सार्वजनिक खरीद नीति के अंतर्गत मिलने वाले लाभों से वंचित कर सकती है।

हस्ताक्षरः
नामः
पदनामः
तिथिः
कंपनी की मुहरः

विज्ञापन.क्र.-बीएसपी-02/25-26/दिनांक 03/06/2025
**पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003**
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454, Website : www.sail.co.in
हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मोतीबाग कार्यशाला, नागपुर में विभिन्न कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, एमआईबी-डब्ल्यू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

■ **निविदा सूचना सं.:** एमआईबीडब्ल्यू-2025-19-06-09-01 दिनांक: 28.05.2025
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार POH/SS-II/SS-III गतिविधियों के दौरान एसी और नॉन-एसी ICF/LHB कोचों की फर्निशिंग, ट्रिमिंग, वॉटर टैंक और प्लंबिंग एवं बफिंग।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 4,65,53,046/- (रु. चार करोड़ पैंसठ लाख तिरपन हजार छियालीस मात्र), GST @ 18% सहित,
**बयाना राशि:** ₹ 3,82,800/- (रु. तीन लाख बयासी हजार आठ सौ मात्र)
**अनुबंध की अवधि:** 12 महीने,
**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।

■ **निविदा सूचना सं.:** एमआईबीडब्ल्यू-2024-19-06-03-17R1 दिनांक: 28.05.2025
**कार्य का विवरण:** CNC सरफेस, व्हील लेथ (BG & NG), मॉडल क्रमांक SWL (BG/NG) - 54 एसेट संख्या 126 (A) LW के लिए संशोधन सहित एक बार की मरम्मत, उसके बाद 03 (तीन) वर्षों की CAMC, खुली निविदा के आधार पर।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,85,95,798/- (रु. एक करोड़ पचासी लाख पंच्यानबे हजार सात सौ अट्ठानबे मात्र) GST @ 18% सहित,
**बयाना राशि:** ₹ 2,43,000/- (रु. दो लाख तैंतालीस हजार मात्र)
**अनुबंध की अवधि:** 38 महीने,
**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।

**निविदा जमा करना:** निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल दिनांक **19.06.2025** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। ऐसे प्रस्तुत किए गए सभी मैनुअल प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
उपरोक्त निविदा सम्बंधित विवरण हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिकी अभियंता-MIBW,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**मोतीबाग, नागपुर**
FL/08-38
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल (मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग)**
**(राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्ध)**
जनसम्पर्क कार्यालय के सामने, बाणगंगा चौराहा, भोपाल (म.प्र.) 462003, Tell No. 0755-2660645, 4012360
Email Id - 2mpdramaschool@gmail.com, website - www.mpsd.co.in, rmtmusicandartsuniversity.com,

**सत्र 2025-27 में स्नातकोत्तर डिग्री एम.पी.ए. (नाट्य एवं रंगमंच) दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सूचना**

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल (राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्ध) द्वारा नाट्य विधा में प्रशिक्षण के लिए स्नातकोत्तर डिग्री एम.पी.ए. (नाट्य एवं रंगमंच) दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक आवेदकों से प्रस्तावित प्रारंभिक चयन 2025-27 हेतु ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
1. आवेदक को एम.पी. ऑनलाईन (MP Online) पोर्टल पर राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर द्वारा दिनांक 04 जून 2025 से 30 जून 2025 तक खोले गये लिंक में निर्धारित चाही गई जानकारी भरकर पंजीयन शुल्क जमा कर पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना होगा। 2.आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं रंगकर्म के क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। 3. आयु 01.07.2025 को सामान्य वर्ग के लिये अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के लिये आयु सीमा संबंधी आरक्षण शासन के नियमों के अधीन रहेगी। 4.ऑनलाईन पंजीकरण के पश्चात आवेदक को विद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध आवेदन प्रारूप को भर कर ऑनलाईन पंजीकरण की प्रति सहित समस्त दस्तावेजों की प्रतियां जिसमें न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची, आयु सीमा के लिये 10वीं कक्षा कीं अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, किसी पंजीकृत रंग संस्था का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र, दो प्रख्यात रंग निर्देशकों के संदर्भ पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अन्य अनुभव की स्वहस्ताक्षरित हार्डकॉपी निदेशक, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, जनसम्पर्क कार्यालय के सामने, बाणगंगा चौराहा, भोपाल (म.प्र.) 462003 के पते पर स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक द्वारा या सीधे विद्यालय में दिनांक 04 जुलाई 2025 की शाम 05:00 बजे तक कार्यालय मे जमा करना अनिवार्य है। उक्त तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन किसी भी माध्यम से प्राप्त होने पर स्वीकृत नहीं किया जायेगा। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी नियम व शर्त मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय की वेबसाईट www.mpsd.co.in पर उपलब्ध हैं।

G-13808/25
**निदेशक मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल**

**कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी**
मो. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.-7, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

**सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई-निविदा विज्ञप्ति**

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण क्षेत्र तैयारी कार्य, भवन निर्माण हेतु **पानी की टंकी, ट्वायलेट सीट (ओड़ीसा पान), वेस्टर्न ट्वायलेट सीट, यूरिनल, किचिन सिंक, वाश बेसिन एवं पी.व्ही.सी. पाईप** क्रय सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकर्ताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 20.06.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रूपये (पांच सौ रूपये मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 75,000/- (रूपये पचहत्तर हजार रूपये मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनॉक 20.06.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 21.06.2025 को सायं 05:00 बजे |

G-13832/25
**(गौरव शर्मा) भा.व.से. वन मंडल अधिकारी सामान्य वनमंडल कटनी**

**कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**
Main Road Saikhenda Phone-07791-250320 E-Mail - cmosaikheda@mpurban.gov.in ,

पत्र क्रमांक 921/ई-टेण्डर/2025-26 **निविदा सूचना** साईखेड़ा दिनांक 03/06/2025

"निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों सेऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_428365_1 03.06.2025 | वार्ड क्रं. 08 में बस स्टेण्ड पर एवं वार्ड क्रं. 02 में श्री दादा धूनी दरबार के पास सुलभ काम्पलेक्स निर्माण कार्य। | 07 माह 5600203.00 | 10000.00 42005.00 | 07/07/2025 |

नोट :-1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन http://www.mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। 2. समस्त निविदाकार सभी निविदा शर्तो को भाग लेने के पूर्व अध्यन करने के पश्चात् ही निविदा में भाग लें।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद साईखेड़ा**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद साईखेड़ा**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला बालाघाट फोन नं.- 241099 (म.प्र.)**

क्रमांक/4081/ निविदा सूचना / एनएचएम / बालाघाट दिनांक 26/08/2025

**विज्ञप्ति**

बालाघाट जिले के तहसील वारासिवनी अन्तर्गत सिविल अस्पताल वारासिवनी परिसर मे (मेटरनिटी विंग भवन जनरल वार्ड, एवं ओ.टी. कक्ष) कंडम भवन का ध्वस्तीकरण सामग्री (दरवाजे खिड़की, लोहा, ईट इत्यादि) की खुली नीलामी निम्नानुसार स्थान एवं दिनांक का अपरान्हा 3.00 बजे से की जावेगी।

| क्रमांक | नीलामी स्थल | कंडम आवास गृह का स्थान | ऑफसेट मूल्य | नीलामी दिनांक एवं समय | संपर्क दूरभाष कमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट रानी अवन्ती बाई चौक के पास, बस स्टैण्ड बालाघाट | सिविल अस्पताल वारासिवनी अस्पताल परिसर | 364134.00 | 10.06.2025 सांय 03.00 बजे | 9131225404 |

कंडम भवनों का निरीक्षण निविदाकार द्वारा नीलामी की तिथि के पूर्व स्वयं कर आवश्यक होने पर संबंधित अस्पताल के प्रभारी के प्रभारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है। नीलामी में भाग लेने हेतु इस कार्यालय से आवेदन फार्म रूपये 500/- पाँच सौ रुपए मात्र नगद शुल्क जमा कर नीलामी सूचना जारी होने की तिथि से दिनांक 09.06.2025 के दोपहर 3.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। एवं आवेदन फार्म पूर्ण भरकर दिनांक 10.06.2025 के दोपहर 1.00 बजे तक जमा कर पावती प्राप्त करना आवश्यक होगा। आवेदन शुल्क भुगतान की रसीद अनिवार्यत: प्राप्त करे।
निविदा की विस्तृत शर्ते आवेदन फार्म के साथ देखी जा सकती है। अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय मे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

G-13819/25
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला बालाघाट**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि0सू0क्र0/20/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2025 डिण्डौरी, दिनांक 28.05.2025

**-:निविदा आमंत्रण सूचना:-**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत Removal of Ordinary and Choked Fallen Line हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 30.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 13.06.2025 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| स0 क्र0 | ई निविदा क्र0 | नि.सू. क. | वि.खं. /जिला | विवरण | अनु0लागत (PAC) (रू0 | धरोहर राशि(PAC) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PHED _427517_1 | 20 | जिला डिण्डौरी | Removal of Ordinary and Choked Fallen Line i/c arrangement of labour skilled person and arrangement of all tools and plant requird for the job including all safety measures etc. all complete in **various villages of Block Dindori & Amarpur District Dindori** | 14.15 | 28300.00 | 2000.00 | प्रथम आमंत्रण |

G-13810/25
**कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट, जिला बालाघाट (म.प्र.)481001**

क्र. एफ/उद्यान शाखा/50-2/2025/2585 बालाघाट, दिनांक : 04/06/2025

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं-

| क्रं. | टेण्डर आईडी नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_428370_1 | वृक्षारोपण हेतु पौधे, सिंचाई उपकरण, फैसिंग पोल, बांस आदि प्रदान करने हेतु | 15 Days | 2,000=00 एवं 50000=00 | 18/06/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, बालाघाट**

**माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय**
माखनपुरम परिसर, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के सामने, बिशनखेड़ी, भोपाल-462044

**प्रवेश सूचना 2025-26**

विश्वविद्यालय के भोपाल एवं रीवा परिसरों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में संचालित होने वाले पत्रकारिता, जनसंचार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रसारण पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, नवीन मीडिया, डिजिटल पत्रकारिता, फिल्म प्रोडक्शन, मीडिया शोध, मीडिया व्यवसाय प्रबंधन, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एवं एनिमेशन, वाणिज्य, ई-कॉमर्स, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग, हिन्दी भाषा एवं अनुवाद तथा इंग्लिश जर्नलिज्म के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पत्रोपाधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन **16 जून 2025 की मध्यरात्रि तक** किए जा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.mcu.ac.in
ऑनलाइन आवेदन के लिए विजिट करें https://mcrpv.mponline.gov.in/portal/

म.प्र. माध्यम/120402/2025
कुलसचिव




### सीसीटीवी कैमरों व अन्य तथ्यों को जानने विश्वविद्यालय भी पहुंची टीम

# एसआईटी ने तीन घंटे की रादुविवि कुलगुरु से पूछताछ



हरिभूमि जबलपुर।

रादुविवि के कुलगुरु प्रोफेसर राजेश वर्मा के खिलाफ एसआईटी ने जांच तेज कर दी है। उन्हें एसआईटी ने सोमवार को ही नोटिस देकर मंगलवार को ही तलब किया था वे बुधवार को हाजिर हुए। एसआईटी के समक्ष उन्होंने दलील दी कि कार्यपरिषद की बैठक के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके। यहां बता दे कि एक महिला अधिकारी को अभद्र इशारे करने के मामले में मप्र हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मध्यप्रदेश द्वारा तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एक स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया। एसआईटी ने अब जांच तेज कर दी है। पिछले दिनों जांच करने के बाद टीम पीएम का दौरा होने के कारण भोपाल लौट गई थी। टीम ने फिर जबलपुर में अपना डेरा डाल लिया और यहां एसआरपी आफिस में इस मामलें में जुड़े दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं।

### एसआईटी ने सीसीटीवी कैमरों व अन्य तथ्यों की जांच की

बुधवार को एसआईटी के समक्ष रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ( रादुविवि) के कुलगुरु पेश हुए। करीब 3 घंटे एसआईटी ने उनसे विभिन्न बिन्दुओं पर पूछताछ की। दूसरी ओर एसआईटी ने बुधवार को रादुविवि पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों व अन्य तथ्यों की जांच पड़ताल की। विश्वविद्यालय पहुंचे अधिकारियों ने कुलसचिव डॉ राजेन्द्र बघेल से भी सीसीटीवी फुटेज के संबंध में जानकारी ली। इसके पूर्व पिछले सप्ताह एसआईटी ने पीड़िता महिला अधिकारी और घटना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों के बयान दर्ज किए थे। उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की एक महिला अधिकारी ने कुलगुरु प्रो. वर्मा पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए एक शिकायत राजभवन,उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य पक्षों से की थी। महिला अधिकारी का आरोप था कि 21 नवंबर को कुलगुरु चेंबर में एक बैठक के दौरान उन्हें अभद्र इशारे किए गए। जिसे चेंबर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग में देखा जा सकता है।

### पीड़ित महिला ने सीसीटीवी फुटेज को अहम सबूत बताया

शिकायत कर्ता महिला अधिकारी ने सीसीटीवी फुटेज को अहम सबूत बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से फुटेज दिए जाने की मांग भी की थी। लेकिन जब लंबा समय बीत जाने के बाद भी न तो जांच हुई और न ही फुटेज मिले तो उक्त महिला अधिकारी ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए मामलें की जांच कराए जाने की मांग की थी इस पर हाईकोर्ट ने डीजीपी को एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए थे। तीन सदस्यीय एसआईटी इस मामलें की जांच कर रही हैं। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान यह बात संज्ञान में आयी उक्त घटनाक्रम को लेकर गठित की गई दो अलग-अलग कमेटियां किसी न किसी तरह से जांच को प्रभावित कर रही है। कोर्ट ने जांच कमेटियों की रिपोर्ट पर सवाल खडे करते हुए डीजीपी को निर्देश दिए है कि एक एसआईटी गठित कर पूरे मामले की जांच करायी जाए। एसआईटी को 16 जून तक अपनी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करना है।

## किसान के साथ बाप बेटों ने की मारपीट

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम बम्हनौदा तालाब के पीछे स्थित एक खेत में काम कर रहे एक किसान से बाप बेटों ने मिलकर जबरन रुपए की मांग कर गालीगलौज व मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिजुआ निवासी 50 वर्षीय किसान शांति प्रसाद पटेल गत दिवस ग्राम बम्हनौदा तालाब के पीछे स्थित अपने खेत में लगी मूंग देखने गया था। शाम लगभग 4 बजे उसके खेत के किनारे लगे एक खेत का मालिक राजेश पटैल अपने दोनों लड़के नीरज पटैल एवं रूद्र पटैल के साथ आया और तुमने मेरा खेत दबा लिया है, कहने लगा, उसने कहा कि किसी का खेत नहीं दबाया है अपने खेत में खेती कर रहा हूं, इसी बात पर तीनों उसके साथ गाली गलौज करते हुए खेत मे खेती करना है तो 25 हजार रूपये की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर तीनों ने मारपीट कर पीठ, गाल में चोटें पहुंचा दी।

## स्टेशन पर बदमाश ने चाकू अड़ाकर मंगल सूत्र लूटा

### आरोपी गिरफ्तार, रेलवे के इटारसी छोर पर की थी वारदात

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय जबलपुर के रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 6 पर इटारसी छोर पर टायलेट जाते समय एक युवक ने चाकू अड़ाकर उसका मंगलसूत्र लूट लिया। इस घटना के बाद महिला ने नैनपुर पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने प्रकरण जीरो में दर्ज कर जीआरपी को भेज दिया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि गत दिवस चिरई डोंगरी निवासी बृहस्पति उर्फ सिया बाई पति सोनदास नैनपुर जाने के लिए इटारसी से किसी ट्रेन में सवार होकर जबलपुर स्टेशन पहुंची, जहां उसको सुबह नैनपुर की ट्रेन पकड़ी थी। देर रात लगभग 2 बजे वह प्लेटफार्म नंबर 6 पर इटारसी छोर पर स्थित टायलेट जा रही थी, तभी




नरसिंहपुर जिला के गाडरवारा के ग्राम बराझ निवासी 30 साल के बदमाश ने महिला के बाल पकड़ाकर काफी दूर तक घसीट कर ले गया महिला ने विरोध किया तो उसके हाथ में चाकू से हमला कर उसके पास रखा मंगलसूत्र लूट कर भाग गया।

बताया जाता है कि पीड़ित महिला अगले दिन नैनपुर स्टेशन पहुंची, जहां पर जीआरपी थाना पहुंचकर घटना की जानकारी देकर शिकायत दर्ज कराई। नैनपुर जीआरपी ने जीरो में मामला दर्ज कर केस डायरी जबलपुर भेज दी है। जीआरपी के मुताबिक उसने घटना की जानकारी लगते ही सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की और आरोपी की तलाश शुरू की। सीसीटीवी में एक संदिग्ध युवक प्लेटफार्म नंबर 1 के पास खड़ा मिला, उसे गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो उसने वारदात कबूल कर ली और मंगलसूत्र भी बरामद कर लिया है।

## वेटरनरी डॉक्टर के खिलाफ दोबारा जांच का आदेश निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने वेटरनरी डॉक्टर के खिलाफ दोबारा जांच करने के फैसले को अनुचित मानते हुए उसे निरस्त कर दिया।जस्टिस विशाल मिश्रा की बेंच ने दोबारा जांच का आदेश अवैधानिक पाया। उमरिया निवासी डॉ एचएमएस बघेल की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा एवं अंजना श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता 1979 में वेटरनरी अस्सिटेंट सर्जन के पद पर नियुक्त हुए। वर्ष 1985 में उन्हें प्रति नियुक्ति पर मध्य प्रदेश लाइव स्टॉक एंड पोल्ट्री डेवलपमेंट कॉरपोरेशन भोपाल की ब्रांच शहडोल में पदस्थ किया गया जहां वह 1996 तक पदस्थ रहे। वर्ष 2003 में याचिकाकर्ता को एक आरोप पत्र देकर कहा गया कि शहडोल में पदस्थी के दौरान 3 लाख 35 हजार रुपए की विभाग को हानि हुई। दूसरा आरोप 5 लाख और तीसरा आरोप 57 लाख रुपए की गड़बड़ी का लगाया गया। दलील दी गई कि शासन द्वारा बार-बार जांचकर्ता अधिकारी बदला गया। नियमानुसार एक वर्ष के भीतर जांच पूरी करनी थी। वर्ष 2009 में संचालक पशु चिकित्सा सेवा ने यह निर्णय लिया कि नए सिरे से पुराने जांचकर्ता अधिकारी से जांच कराने का निर्णय लिया। इसी को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों से भी यह स्पष्ट था कि कोई आरोप सिद्ध नहीं पाए गए। कोर्ट को बताया गया कि 20 मार्च 2009 को विभागीय जांच की फाइनल रिपोर्ट में याचिकाकर्ता को दोषी नहीं पाया गया, इसलिए दोबारा जांच का आदेश अवैधानिक है।




2 करोड़ पल्सरमेनियाक्स के पल्सर ट्राइब में हो जाइए शामिल डाउन-पेमेंट शुरू ₹5 108/-*

| | 125 NEON | NS125 BASE | N160 SINGLE SEAT | N160 USD | N250 |
|---|---|---|---|---|---|
| बचत | - | - | - | ₹5 594/- | ₹9 114/- |
| स्पेशल क़ीमत | ₹84 307/- | ₹99 994/- | ₹1 23 718/- | ₹1 37 952/- | ₹1 43 949/- |

*एक्स-शोरूम क़ीमत *NS160 में भी उपलब्ध

72198 21111 | BAJAJ SECURE | BAJAJ CREDIT

*नियम और शर्तें लागू. *एक्स-शोरूम कीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. कीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम कीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. *पल्सर 125 नियॉन के लिए डाउन-पेमेंट मार्जिन मनी है। मार्जिन मनी में DCC शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और यह क्रेडिट मापदंडों की पूर्ति पर आधारित है. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफर्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Jabalpur : Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Wright Town** FRONTIER BAJAJ 77710 11280 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517• **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700. **Authorised Service Centre : Adhartal** 9479999997, **Anuppur** 9826688221, **Bahoriband 8602598363, Barghat** 9303455660, **Baihar** 9555367761, **Barhi 9179202547 Bichiya** 9424340254, **Bijuri** 8827988201 **Birsinghpur Pali** 6264386139, **Chhapara** 9713908909, **Chichli**, 9425419598, **Dhanpuri 7489650025, Dindori** 9425854910, **Gadarwara** 9617873963, **Gadasarai** 9522711045 **Gotegaon** 9424631001, **Hatta** 9425094139, **Jaisingh Nagar** 9425472262, **Kareli** 9926349292, **Katangi 9302930389 Keolari** 7879822080 **Keswahi 9669691764 Kirnapur** 9009464748, **Kotma** 9329404241, **Kundam** 9981874048, **Lakhnadon 7999593709, Madan Mahal** 7880097793, **Majholi** 7898404020, **Mandla** 077710 03238, **Manpur** 9993009143, **Nainpur** 9595929353, **Nowrozabad** 7697487999, **Palari** 9165621818, **Panagar 9302893617, Papaundh 9754290155 Patharia** 9893678714, **Rampur 9827246605, Saleemanabad** 8823822886, 9691093624 **Shahpura bhitoni** 9755453839, **Shahpura Dindori 7987250082, Sihora** 9826439447, **Umaria** 9302281902, **Waraseoni** 9425822517. **Saikheda 9893108022, Lanji 9424906995, Ghansore 7566551504, Majhagawan 9399249831 Rithi 9179891917, 7587524410 Badwara 9098307441,8462995655 Chandangaon** 7771003685, **Adegaon 9926964389, Vijayraghogarh 8225880280, 769200280, Tendukheda 9424994577, Gokalpur 8109090222**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# अवैध खदानों पर सैटेलाइट से रखी जाएगी नजर

## अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

जबलपुर।

जबलपुर सहित प्रदेश में खनिजों के अवैध उत्खनन पर अब सैटेलाइट से नजर रखी जाएगी। सरकार ने सैटेलाइट आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की है। इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की समस्त खदानों को जियो टैग किया गया है। सैटेलाइट से नजर रखने के लिए एक पोर्टल भी विकसित किया गया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव, खनिज उमाकांत उमराव की ओर से सभी जिला कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टरों को सैटेलाइट आधारित खनन निगरानी प्रणाली का जिले में तत्परता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। साथ ही अवैध उत्खनन पाए जाने पर परिवहन एवं भंडारण नियम के अंतर्गत कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए हैं।



### अलर्ट मैप पर चिह्नित किए जाएंगे स्थान

बता दें कि इस पोर्टल से सैटेलाइट के माध्यम से अवैध उत्खनन की पहचान कर अलर्ट जारी किया जाएगा। जिसे पोर्टल पर जिला कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी द्वारा लॉग-इन कर देखा जा सकेगा। जिला कलेक्टर एवं खनिज अधिकारी को अलर्ट की जानकारी एसएमएस द्वारा प्रत्येक माह पोर्टल के माध्यम से दी जाएगी। जिले के अंतर्गत जारी किए गए अलर्ट मैप पर चिह्नित रहेंगे, जिनका अन्य स्थापित खदानों, जियोलॉजिकल लेयर एवं खसरेकी जानकारी के आधार पर परीक्षण किया जा सकेगा।

### मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा वेरीफाई

बता दें कि जारी किए गए अलर्ट को खनिज अधिकारी द्वारा फील्ड वेरिफिकेशन कर मोबाइल एप के माध्यम से वेरीफाई किया जाएगा। फील्ड वेरिफिकेशन के बाद अवैध उत्खनन पाए जाने पर अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण नियम-2022 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। पोर्टल के संबंध में वीसी के माध्यम से समस्त जिला कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

# अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स स्ट्रक्चर को तोड़ने चलाई जायेगी मुहिम : महापौर

**जबलपुर।** शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाने तथा गलत तरीके से स्थापित होर्डिंग्स को कहीं सही जगहों पर शिफ्ट करने के संबंध में आज होर्डिंग्स शाखा के अधिकारियों के साथ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बैठक की। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि होर्डिंग विभाग के अंतर्गत शहर में जहाँ भी अवैध होर्डिंग्स लगे हैं अथवा गलत जगहों पर लगे हैं उन्हें तोड़ने, हटाने और शिफ्ट करने के संबंध में एक तत्काल समिति बनाई जाए और समिति की प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शहर के सभी अवैध होर्डिंग्स को तत्काल प्रभाव से अलग कराएँ। महापौर ने सही तरीके से नहीं लगे होर्डिंग्स को भी शिफ्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में होडिंग्र्स की ऊँचाई और चौड़ाई को लेकर भी जानकारी माँगी और जो सही शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देश हैं उसके अनुरूप ही स्ट्रक्चर खड़ा करने अथवा लगाने की कार्रवाई की जाये। इन कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतें। महापौर ने यह भी निर्देशित किया कि जिन होर्डिंग्स एजेन्सियों के उपर नगर निगम की राशि बकाया है उन राशियों की वसूली भी नगर निगम अब सख्ती के साथ करेगा। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र कौरव, उपयंत्री अभिषेक तिवारी, अंकित अधिकारी कर्मचारी



# उमस भरी गर्मी से जनजीवन बेहाल

## बादलों की बसाहट के बीच बूंदाबांदी के आसार

**जबलपुर।** बुधवार को भी मौसम के मिजाज गर्म रहे। बादलों की आवाजाही बनी रही। लेकिन गर्मी के तेवरों में कोई कमी नहीं आई। सूर्य देव ने जमकर आग बरसाई। भीषण गर्मी से जनजीवन लगातार परेशान है। दोपहर में बादल छाए और हल्की बूंदाबांदी भी हुई, जिससे उमस भड़क उठी। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि एक दो दिनों में प्री मानसून की हलचल शुरू हो जाएगी। स्थानीय बादल जरूर माहौल बनाते हैं, लेकिन बरस नहीं पाते। 15 से 20 जून के बीच मानसून सक्रिय हो जाने की संभावना है। बुधवार को सुबह से लोग मारे गर्मी के बेचैन रहे। सूर्यदेव पूरी प्रखरता के साथ प्रगट हुये। दोपहर 3 बजे के बाद आसमान पर बादल छाये और उमस ने डेरा डाला। तो लोगों का जीना मुहाल हो गया। मारे उमस के बेचैनी होने लगी। रात में गर्म हवाओं ने बेचैन किया। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातःकाल 59 प्रतिशत और सायंकाल 51 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.24 बजे और सूर्यास्त शाम 6.54 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 38.5 डिग्री तापमान नौगांव जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन का तापमान 42.2 और न्यूनतम तापमान 29.7 डिग्री दर्ज किया गया था। दक्षिणी पूर्वी हवायें 7 से 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग में मौसम शुष्क रहेगा।

# ट्रांसजेंडर को अन्य नागरिकों की भांति समान अधिकार प्राप्त

जबलपुर।

**मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रोजेक्ट बंधुत्व अरमान फाउंडेशन विजय नगर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में ट्रांसजेंडर को उनके अधिकार बताए गए।**

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शिविर में दी गई जानकारी**

जिला विधिक सहायता अधिकारी शक्ति रावत ने अवगत कराया कि ट्रांसजेंडर को भारतीय संविधान के तहत सभी मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। इनमें समानता, भेदभाव न करना, रोजगार में समान अवसर, स्वतंत्रता और जीवन जीने का अधिकार शामिल है। ट्रासजेंडर व्यक्तियों को रोजगार में भेदभाव नहीं किया जा सकता है। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शिक्षा के अधिकार प्राप्त है। ट्रासजेंडर व्यक्तियों को सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण में अपना जीवन जीने का अधिकार है। ट्रासजेंडर व्यक्ति को अपनी पहचान के अनुसार अपने कानूनी दस्तावेजों को बदल सकते हैं। ट्रासजेंडर व्यक्ति के अधिकार किसी भी अन्य नागरिक के समान ही हैं। और उन्हें उनके अधिकारों का लाभ उठाने का हक है। ट्रांसजेंडर को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए और उन्हें अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रांसजेंडर ने आधार कार्ड में नाम परिवर्तन में आ रही परेशानी से अवगत कराया गया। जिसके संबंध में उन्हें आश्वासन दिया गया कि नियमानुसार जो उचित मदद होगी प्राधिकरण द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अब्दुल रहीम (चदा बही), निज्जो, इरफाना, नैना, सगुण, लारा, चनरा भाई, सनाया, भवानी, अकील खान, भारती राय उपस्थित थे। इसी कम में रानी दुर्गावती शासकीय अस्पाताल व रेल्वे स्टेशन नंबर छह में आयोजित शिविर में बताया कि यदि कोई व्यक्ति आर्थिक आधार या अन्य कोई निर्योग्यता पर न्याय पाने से वंचित हो रहा है तो उसको निश्शुल्क विधिक सहायता सुप्रीम कोर्ट से लेकर तहसील न्यायालय तक उपलब्ध कराई जाती है।

# अब एक भाजपा मंडल अध्यक्ष पर लगा मारपीट का आरोप

## गढ़ा पुलिस की दर्ज की एफआईआर, मामले की जांच शुरू

**जबलपुर।** गढ़ा थाने में एक पूर्व मंडल अध्यक्ष अपनी होटल में कथित देह व्यापार करने के आरोप में जेल गए वहीं दूसरे मंडल अध्यक्ष पर एक टिम्बर व्यवसायी के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। इस मामलें में गढ़ा पुलिस ने गिरिराज किशोर कपूर मंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं दूसरी ओर मंडल अध्यक्ष ने आरोपों को निराधार बताते हुए जमीन संबंधी विवाद पर अपने दस्तावेज भी प्रस्तुत किए है। इस मामलें में पीड़ित साहिल नागदेव ने आरोप लगाया है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत दुबे ने अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए टिंबर व्यवसाय से जुड़ी जमीन पर जबरन फेंसिंग की और आपत्ति जताने पर उनके साथ मारपीट की गई।

मदनमहल में साहिल नागदेव अपने पिता के साथ टिंबर व्यवसाय करते हैं, उन्होंने कहा कि विवादित जमीन पहले उनके नाना की थी, जिसे रिश्तेदार रमेश कुमार तुलसानी को दिया गया था। बाद में जमीन को लेकर विवाद हुआ और साहिल के अनुसार, उन्होंने पैसे देकर वह जमीन दोबारा वापस ले ली थी। बावजूद इसके, तुलसानी ने वही जमीन बीजेपी नेता प्रशांत दुबे को बेच दी।



श्री नागदेव का कहना है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और कोर्ट का स्टे ऑर्डर भी उसके पास है। इसके बावजूद दो दिन पहले मंडल अध्यक्ष प्रशांत दुबे कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और जबरन जमीन पर फेंसिंग करने लगे। विरोध करने पर साहिल के साथ मारपीट की गई। साहिल ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी मां पूजा नागदेव और मौसेरे भाई प्रथम आहूजा को भी पीटा गया। झगड़े में साहिल का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया।मामले की शिकायत मंगलवार रात गढ़ा थाने में दर्ज की गई। पुलिस ने प्रशांत दुबे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी संपत उपाध्याय ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है और कहा है कि दोबारा विवाद की स्थिति बनने पर मौके पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर मंडल अध्यक्ष प्रशांत दुबे ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने 1895 स्क्वायर फीट जमीन रमेश कुमार तुलसानी से मार्च महीने में 37 लाख में खरीदी है और उनके पास रजिस्ट्री समेत सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। दुबे का दावा है कि घटना स्थल पर कोई मारपीट नहीं हुई। पुलिस फिलहाल दोनों पक्षों के दस्तावेज और बयानों के आधार पर जांच कर रही है।

# वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लागू करने महापौर ने दिखाई सख्ती

जबलपुर।

**क्रियान्वयन के लिए सख्त कानून बनाने कि की जा रही है तैयारी**

संस्कारधानी के भूजल स्तर को सही रखने तथा स्वच्छ वायु सिटी के उद्देश्य की कल्पना को और अधिक उड़ान भरने की दिशा में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू मानसून आगमन के पूर्व वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को जमीनी धरातल पर उतारने सख्ती दिखाना शुरू कर दिये हैं। आज इस संबंध में भवन शाखा के अधिकारियों के साथ महापौर श्री अन्नू ने बैठक की और वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लागू करने के संबंध में जानकारी मांगी गई। इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून आगमन के पूर्व सभी शासकीय एवं अशासकीय बड़े भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने लोगों को प्रेरित करें।

महापौर श्री अन्नू ने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में चर्चा के दौरान यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक निर्धारित मापदण्डों के भवनों, ऊँची इमारतों, अपार्टमेंट आदि के साथ–साथ व्यापारिक प्रतिष्ठान और शासकीय भवनों में भी अनिवार्य रूप से वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हो इसके लिए एक सख्त कानून बनाकर स्वीकृति के लिए प्रारूप प्रस्तुत करें साथ ही शासकीय विभाग के प्रमुखों को भी पत्र जारी कर अपने अपने भवनों स्वामित्व के भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने अनुरोध करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए 10 एजेन्सियाँ उपलब्ध कराई जायेगी। बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी के साथ कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र कौरव, सहायक यंत्री मनीष तड़से, दिग्दर्श आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आज कुंडम के ग्राम छपरा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड और सभा स्थल का निरीक्षण कर सभी संबंधित अधिकारियों को कहा कि जैसे अन्य जगह मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी की जाती है, वैसे ही यहां भी समुचित रूप से तैयारी शुरू कर दें। ग्राम छपरा के नवनिर्मित आईटीआई भवन परिसर में मुख्य सभा के लिए स्थल चिन्हित किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# मदनमहल में बदला वृद्ध का एटीएम कार्ड, दमोह से रकम निकाली

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत मदमहल रोड पर स्थित एसबीआई बैंक के नीचे एटीएम से पैसे निकालने गए एक वृद्ध का एटीएम कार्ड बदलकर चालबाजों ने दमोह जाकर उसके एकाउंट से 43 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। गढ़ा थाना पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लाट नंबर 415 बालाजी नगर कालोनी भगवानपुर थाना लंका जिला वाराणसी निवासी सिंचाई विभाग से रिटायर्ड 70 वर्षीय अरविन्द कुमार निषाद गत 31 मई को रानीताल गेट नंबर 4 के पास निवासी अपनी बेटी पूजा चौधरी के यहां आया था। दूसरे दिन सुबह बेटी पूजा के घर के से एक्टिवा लेकर किशन मल्लाह के घर गौरीघाट भागवत कथा मे सम्मलित होने गया था एवं कथा मे सम्मलित होकर वापस एक्टिवा बेटी के घर वापस जाते समय सुबह लगभग 11.30 से 12.30 बजे के बीच लक्ष्मी नारायण अस्पताल के पास मदन महल रोड पर एसबीआई बैंक के नीचे एटीएम से रूपये निकालने पहुंचा, उसके एटीएम मशीन के बाजू वाले एटीएम मशीन से 2 लड़के पैसे निकाल रहे थे उसने एटीएम से 3 हजार रुपये निकाले तभी बाजू वाले लड़के ने एटीएम खींच लिया उसने बोला एटीएम कार्ड क्यो निकाला तो लड़के ने उसे एटीएम कार्ड वापस दे दिया। उसके बाद वह अपनी लड़की के घर आ गया। दूसरे दिन अपना स्टेटमेंट चैक किया तो खाते से गत 1 जून को उसी एटीएम से 3 हजार रुपये एवं 2 जून को 40 हजार रुपए दमोह जिले से किसी अज्ञात व्यक्ति ने निकाल लिया है। उसने अपना एटीएम कार्ड चैक किया तो उक्त एटीएम कार्ड उसका नही था। अज्ञात आरोपी ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसे दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया। अज्ञात आरोपियों ने धोखाधड़ी कर दूसरा एटीएम पकड़ाकर वृद्ध के खाते से 43 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# कान्हा नेशनल पार्क में सबसे ज्यादा शाकाहारी जानवर

## - डब्ल्यूआईआई की रिपोर्ट में खुलासा, देश के सभी टाइगर रिजर्व में अव्वल

**जबलपुर।** मप्र के कान्हा नेशनल पार्क में देश के सभी टाइगर रिजर्व की तुलना में सबसे अधिक शाकाहारी वन्यप्राणी पाए गए हैं। यह जानकारी भारतीय वन्य जीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई), देहरादून की हालिया आकलन रिपोर्ट में सामने आई है। कान्हा के डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल ने बताया कि पार्क में जैव विविधता भी अच्छी स्थिति में है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के निर्देशानुसार फेज-4 के तहत वन्यप्राणियों की गणना की गई। इस गणना में एम-स्ट्राइप्स इकोलॉजिकल एप और कैमरा ट्रैप का उपयोग किया गया।26 से 31 मई 2025 के दौरान की गई गणना में पहले तीन दिन मांसाहारी जीवों की गिनती हुई। अगले तीन दिनों में चीतल, सांभर, बारासिंहा और नीलगाय जैसे शाकाहारी जीवों की गणना की गई। पार्क की 180 बीट्स में 245 ट्रांजेक्ट लाइन और 1290 ग्रिड बनाए गए। गाइड्स ने एम-स्ट्राइप्स एप और कैमरा ट्रैप्स की सहायता से आंकड़े एकत्र किए। ये आंकड़े विश्लेषण के लिए डब्ल्यूआईआई भेजे गए हैं, और गणना के परिणामों से वन्यप्राणियों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। 2000 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक क्षेत्र में फैले कान्हा टाइगर रिजर्व में बारासिंघा, गौर, चीतल, बार्किंग डीयर, लंगूर, सांभर और जंगली सुअर प्रमुख रूप से पाए जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, शाकाहारी वन्यप्राणियों की अधिक संख्या के कारण यहां बाघों की आबादी भी मजबूत है।

## शहपुरा विकासखण्ड के लामी, बिल्हा और कूड़न ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई कृषक संगोष्ठी

# विकसित कृषि संकल्प अभियान : विकसित भारत के लिए विकसित कृषि बेहद जरूरी

**जबलपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आज बुधवार को जिले के शहपुरा विकासखंड के ग्राम लामी, बिल्हा और कूड़न ग्राम पंचायत में कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई तथा नरवाई प्रबंधन के उपाय बताये गये। किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती से होने वाले फायदों की जानकारी भी इन कार्यक्रमों में दी गई।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉ के एस मिश्रा ने कृषक संगोष्ठी को शामिल हुई किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि वर्ष 2047 तक यदि भारत को विकसित देश बनाना है तो कृषि का विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने कृषकों का आव्हान किया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं राज्य कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित उन्नत किस्म, उन्नत तकनीक एवं संरक्षित खेती का प्रयोग करें। ताकि, उनकी आय में बढ़ोतरी हो एवं भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कृषि का योगदान सुनिश्चित हो सके।



इस अवसर पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से किसानों को अवगत कराया तथा नरवाई प्रबंधन हेतु हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग करने तथा हैप्पी सीडर से फसलों की बोनी करने की सलाह उन्हें दी। प्रधान वैज्ञानिक खरपतवार अनुसंधान निदेशालय डॉ पी के सिंह ने धान, मक्का, अरहर आदि फसलों को खरपतवार से होने वाले नुकसान से बचाने नई पीढ़ी के नींदानाशी का प्रयोग करने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि फसलों को खरपतवारों से 37 से 40 प्रतिशत का नुकसान होता है। यदि इनका सही तरीके से प्रबंधन किया जाए तो फसल उत्पादन प्रभावित नहीं होगा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ ए के सिंह ने मृदा परीक्षण के महत्व एवं सॉइल हेल्थ कार्ड के प्रयोग से खेती करने की सलाह किसानों को दी। डॉ सिंह ने बताया कि संतुलित उर्वरकों के उपयोग तथा जैविक खादों के प्रयोग से फसले स्वस्थ होती हैं तथा बेहतर उत्पादन प्राप्त होता है। कृषि महाविद्यालय जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ आर के साहू ने मृदा के स्वास्थ्य को बरकरार रखते हुये लाभदायक खेती के लिये फसलों में जैव उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लाभ के बारे में बताया तथा कोदो, कुटकी, रागी, सांवा, कंगनी जैसे श्रीअन्न के उत्पादन एवं प्रसंस्करण के संबंध में जानकारी दी। इसी प्रकार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शहपुरा सुश्री मेघा अग्रवाल ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित कृषक हितार्थ योजनाओं की, आत्मा योजना के बीटीएम रोहित गुप्ता ने प्राकृतिक खेती अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले क्लस्टर प्रदर्शन एवं घटकों की, पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि हेमंत शर्मा एवं मत्स्य पालन विभाग की प्रतिनिधि श्रीमती सुनीता ढोखे ने विभागीय योजनाओं की तथा फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि जयंत बैरागी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

सबसे कठोर और पूजनीय व्रतों में से एक है निर्जला एकादशी

# रवि योग में कल मनेगी निर्जला एकादशी

हरिभूमि जबलपुर।

निर्जला एकादशी छह जून को शुभ रवि योग छह जून, शुक्रवार को मनाई जाएगी। ऐसी मान्यता है कि साल की सभी 24 एकादशी में निर्जला एकादशी का अधिक महत्व होता है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि यह व्रत विधिपूर्वक करने से साधक को सभी पापों से छुटकारा मिलता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार निर्जला एकादशी का बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है।

निर्जला एकादशी शुक्ल पक्ष के दौरान आती है, इसलिए इसे ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी भी कहा जाता है। निर्जला व्रत व्रत बिना भोजन या पानी के रखा जाता है। द्वादशी तिथि पर भक्तों को अपना उपवास तोडऩे के बाद केवल पानी पीने की अनुमति होती है। भक्त भगवान विष्णु से प्रार्थना करते हैं और अत्यधिक भक्ति और शुद्ध समर्पण के साथ इस व्रत का पालन करते हैं।



## निर्जला एकादशी पर इन चीजों का करें दान

निर्जला एकादशी व्रत का पारण करने के बाद अन्न, धन और कपड़े समेत आदि चीजों का दान जरूर करना चाहिए। इन चीजों का दान करने से व्रत का पूर्ण फल मिलता है। साथ ही भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

## बुध मिथुन राशि में करेंगे प्रवेश, बनेगा दुर्लभ संयोग

निर्जला एकादशी के दिन रवि योग बन रहा है और इस दिन बुध ग्रह मिथुन राशि में प्रवेश कर जाएंगे, जो कि एक दुर्लभ संयोग है। साथ ही पारण वाले दिन द्विपुष्कर और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है, जिससे श्रीहरि की कृपा आप पर बनी रहेगी।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में संभागायुक्त ने ली संभाग के सभी जिलों की बैठक

हरिभूमि जबलपुर।



संभागायुक्त धनंजय सिंह ने बुधवार को मानसून पूर्व तैयारियों के संबंध में वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के साथ समीक्षा बैठक ली और शासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार मानसून के पूर्व बाढ़ आपदा से बचाव की सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


कलेक्टरों को जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठकें आयोजित कर जिला स्तरीय कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर्स को 15 जून के पूर्व जिले में बाढ़ आपदा संवेदनशील क्षेत्रों व बाढ़ उन्मुख नदियों का चिन्हांकन कर, बड़े बांधों की सूची एवं स्टोरेज क्षमता, वर्तमान भराव एवं बांधों के गेट खेले जाने पर प्रभावित गांवों एवं क्षेत्रों की पूर्ण जानकारी तैयार रखने के निर्देश दिए। जिलेवार बाढ़ के संभावित कारणों, सूचना संबंधी उपायों, पूर्व सूचना एवं प्रचार-प्रसार की प्रणाली एवं पूर्व की आपातकालीन कार्यवाहियों आदि के बारे में भी चर्चा कर जानकारी प्राप्त की गई।

मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग द्वारा विभागीय तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। जल संसाधन विभाग को सभी बांधों का निरीक्षण कर समुचित सुदृढ़ीकरण के संबंध में सत्यापन एवं प्रमाणन रिपोर्ट संबंधित कलेक्टरों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग और पशु चिकित्सा विभाग को आवश्यक दवाइयों, वैक्सीन, औषधि, एंटीवेनम आदि की समुचित उपलब्धता रखने के निर्देश भी दिए गए। नगरीय निकायों, जनपदों, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र जर्जर भवन में संचालित नहीं किए जाएं। इस बाबत कलेक्टरों द्वारा आवश्यक निरीक्षण एवं समीक्षा भी सुनिश्चित कर ली जाए। संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने जिला प्रशासन एवं होम गार्ड्स को राहत एवं बचाव के सभी आवश्यक एवं उपलब्ध संसाधनों, गोताखोरों आदि की जानकारी नंबर सहित सूचीबद्ध कर सभी संबंधितों से साझा करने, अस्थायी शिविरों की व्यवस्था के लिए स्थान एवं स्थानीय संसाधनों का आंकलन करने और नोडल अधिकारियों का नामांकन करने आदि के लिए निर्देशित किया।

जिला आपदा नियंत्रण केन्द्र को 15 जून से चौबीसों घंटे के लिए संचालन सुनिश्चित कराने और राज्य आपदा प्रबंधन टीम से सतत संपर्क में रहते हुए सभी महत्वपूर्ण अधिकारियों के नंबर साझा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीआईजी श्री अतुल सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, डीएफओ श्री ऋषि मिश्र, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. संजय मिश्रा सहित अन्य संभागीय अधिकारी कमिश्नर कार्यालय के कक्ष में उपस्थित थे।

साथ ही संभाग के जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त, जिला कमांडेंट होम गार्ड्स, जल संसाधन विभाग, विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अधीक्षक भू अभिलेख, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सहित सभी संबंधित अधिकारियों के साथ अपने-अपने जिले के एन.आई.सी. कक्ष से शामिल हुए।

# मां नर्मदा को स्वच्छ रखने का कर्तव्य हमारा वंदना आनंद



**भेड़ाघाट**। मां नर्मदा का वर्णन जितना किया जाए कम हैं भेड़ाघाट क्षेत्र भृगु ऋषि की तपोभूमि स्थली कहलाता हैं भेड़ाघाट की संगमरमर की वादियों और कल कल करती मां रेवा का वर्णन अद्भुत एवं चमत्कारिक है समाजसेविका दीदी वंदना आनंद ने कहां कि नर्मदा के घाटों को स्वच्छ रखने का कर्तव्य हमारा है प्रदूषण से बचाने के लिए दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हेतु विसर्जन कुंड बनाए गए हैं उसी तर्ज पर मां नर्मदा में मिलने वाले प्रदूषित पानी को डाइवर्ट करके किसी अन्य कार्यों के लिए उपयोग में लाना चाहिए जिसके लिए प्रदेश सरकार को ठोस कदम योजना बनाने चाहिए समाज के लिए यह बेहद गंभीर मुद्दा है इस और और राज्य एवं केंद्र सरकार को विशेष पैकेज के तहत पर्यटन स्थलों को विकसित करने का कर्तव्य भी बनता हैं 5 जून पर्यावरण दिवस पर वृक्ष लगाते हुए वंदना आनंद ने कहा की प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही वृक्षों से हमें शुद्ध वायु मिलती हैं वृक्षों से हमें अन्य प्रकार के मौसमी फलों के साथ ही शुद्ध वायु मिलती है पर्यावरण को बचाने के लिए हम सबका परम कर्त्तव्य है।



## डॉ. मुकुल 'अभियानश्री' अलंकरण से अलंकृत

**जबलपुर**। विश्ववाणी हिन्दी संस्थान अभियान जबलपुर के द्वारा चंद्रयान काव्य संकलन के विमोचन अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद साहित्यकार, समाजसेवी, संस्कृति संचेतक डॉ. मुकुल तिवारी को 'अभियानश्री' अलंकरण से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर आचार्य संजीव वर्मा सलिल, डॉ. गजेंद्र हरिहारनों दीप, डॉ. राजीव चांडक, प्राचार्य शा. अभियांत्रिकी महाविद्यालय दंत चिकित्सक डॉ. रोहित मिश्रा, छाया सक्सेना प्रभु, अश्मिता शैली, अजय मिश्रा, साधना परसाई, शिप्रा सेन, मीना भट्ट, अल्पना श्रीवास्तव, ई. सुरेंद्र सिंह पवार, पुरुषोत्तमय भट्ट, सल्फनाथ यादव, डॉ. सुरेंद्र साहू निर्विरोध, कालीदास ताम्रकार आदि अनेक उपस्थित सदस्यों नें बधाईयां दी।

बहोरीबंद विधायक के घर के बाहर बजे शंख-घंटा

# सिहोरा मेरी जन्मभूमि है, जिला बनना चाहिएः प्रणय पांडे

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।



जन्मभूमि कर रही पुकार,अब तो आगे आओ यार जैसे अनेक नारे और हाथों में शंख,घंटा और थाली बजाते हुए लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे के घर के बाहर एक घंटे तक जबरजस्त प्रदर्शन किया।विधायक पांडे ने प्रदर्शन कारियों से कहा कि उनकी जन्मभूमि भी सिहोरा है और वे भी चाहते है कि सिहोरा जिला बने।

## साथ बैठाया, चर्चा की

प्रदर्शन कर रहे समिति के दर्जनों सदस्यों से विधायक ने महत्वपूर्ण चर्चा की।बहोरीबंद के विधायक ने कहा कि वे स्वयं चाहते है कि सिहोरा जिला बने और इस हेतु सिहोरा विधायक और सिहोरा के नागरिक के साथ हर प्रकार के सहयोग को तैयार है।

## मंजिल पकड़ से दूर

समिति के सदस्यों विकास दुबे,नवीन शुक्ला,अनिल जैन ने कहा कि बहोरीबंद विधायक पांडे के घर के प्रदर्शन के साथ ही हमारा राजनेताओं के घर के बाहर प्रदर्शन का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है।जिस प्रकार के सहयोग की अपेक्षा से 20 मार्च से भाजपा नेताओं के घर प्रदर्शन किए गए उस कसौटी पर कोई भी नेता खरे नहीं उतरे।अब आगामी 6 जून को सिहोरा बस स्टेंड में विशाल धरना एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को हुए प्रदर्शन में समिति के रामजी शुक्ला, सुशील जैन, नंदू परौहा, संतोष पांडे, कृष्ण कुमार कुररिया, राजेंद्र गर्ग, अनिल कुररिया, गौरी हर राजे, नीतेश खरया, संतोष वर्मा, संजय पाठक, प्रदीप दुबे, जितेंद्र श्रीवास, नवनीत शुक्ला, राजेंद्र गर्ग, मोहन सोंधिया, कंचन सेठ, अनिल खंपरिया सहित अनेक सिहोरा वासी मौजूद रहे।

# महाकौशल क्रीड़ा परिषद ने जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर**। महाकौशल क्रीड़ा परिषद के द्वारा खेल खिलाड़ियों एवं खेल संघ की लंबे समय से चली आ रही 20 सूत्रीय मांगों को लेकर घंटाघर पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा, जबलपुर जिला ओलंपिक संघ के सचिव शिशिर तिवारी, संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अचल सिंह गौर, विश्वामित्र अवार्डी उमाशंकर पटेल, कुश्ती संघ के अर्जुन यादव, बॉडीबिल्डिंग संघ से बीके पाठक, सचिन यादव, कपिल श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश योगासन संघ के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर, संघ से शानू यादव, अरुण यादव लड्डू भैया, वॉलीबॉल संघ से राजेशकांत सोनकर, आबिद खान सचिव जूडो एसोसिएशन, अजीत कनौजिया एथलेटिक्स संघ, आरएस मेहरौलिया, सदन जाट, राजेश सिंह राजपूत कुश्ती, संदीप वर्मा, ऋषि राज विज, अमित सोनकर, किशोरी सिंह लोधी, राजकुमार यादव, सहित अनेक खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

रादुविवि में कार्यपरिषद की बैठक का आयोजन

# विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार रोजगार मेले का आयोजन करेगा

**जबलपुर**। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में मंगलवार को कार्यपरिषद की बैठक का आयोजन कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले रोजगार मेले का आयोजन अब वर्ष में दो बार किया जाएगा। इस निर्णय पर सभी कार्यपरिषद सदस्यों ने अपनी सहमति की मुहर लगाई। ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यपरिषद की बैठक की जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल ने बताया कि विवि कार्यपरिषद सदस्यों ने चिकित्सा के अंतर्गत आयुर्वेद में पतंजलि और विश्वविद्यालय के बीच होने वाले एमओयू को भी मंजूरी प्रदान की, इसी के साथ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के क्षेत्रांतगर्त आने वाले प्रत्येक जिले में शोध केन्द्र बनाए जाने को भी मंजूरी दी गई। ये शोध केन्द्र बनाने में प्राथमिकता पीजी कॉलेज में चल रहे विषयों के अनुसार होगी।

विवि कार्यपरिषद की बैठक में यह भी तय किया गया कि दीक्षांत समारोह नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को उनकी डिग्रियां नहीं मिल पा रही हैं, यदि किसी विद्यार्थी को आवश्यकता है तो सत्र 2023-24 के ऐसे विद्यार्थियों को आवश्यकता अनुसार उनकी डिग्री प्रदान की जाएगी। इसी के साथ विभिन्न डिग्री के प्रारूप को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में मान्य किया गया। विवि शिक्षण विभागों से सत्र 2025-26 के लिए प्राप्त नए पाठ्यक्रमों को भी मान्य किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलसचिव डॉ. आरके बघेल, ईसी मेंबर डॉ. जेके मैत्रा, प्रो. ओमप्रकाश बन्ने, नंदिनी भारिल, वीणा बाजपेई, चंद्रशेखर पटेल, वेद प्रकाश तिवारी, छाया श्रीवास्तव, रोहित सिंह कौशल और क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक शिक्षा पंजाब राव चंदेलकर की उपस्थिति रही।

अजाक्स ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

# सफाई कर्मचारियों को दी जाए बरसाती एवं छाता : मांग



**जबलपुर**। अजाक्स संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) को नगर निगम में कार्यरत समस्त सफाई कर्मचारियों को बरसाती एवं छाता प्रदान करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही अजाक्स संघ के अध्यक्ष द्वारा महापौर से यह भी मांग की गई कि प्रतिनियुक्ति पर आये अधिकारी, कर्मचारी जिनको नगर निगम में कार्यरत तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उन सभी अधिकारी कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में स्थानांतरित किया जावे। महापौर ने संघ की मांग को स्वीकार करते हुये सफाई कर्मचारियों को बरसात के पूर्व बरसाती एवं छाता जल्द से जल्द प्रदान करने हेतु आश्वासन प्रदान किया। महापौर को ज्ञापन प्रेषित करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, रामाराव मगरदे, जगदीश नन्हेट, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, श्रीनिवासलू, सामियल, दयाराम धुर्वे, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

रांझी में एक ही परिवार के 5 सदस्यों पर किया था हमला

# चाकूबाजों का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि जबलपुर।



रांझी थानाक्षेत्र के बड़ा पत्थर में एक ही परिवार के पांच लोग युवकों पर चाकू से हमला करने वालें आरोपियों को पुलिस ने उनका जुलूस निकाला। बताया गया है कि आरोपियों को बुधवार की दोपहर में गिरफ्तार करने के बाद पुलिस झंडा चौक से जुलूस की शक्ल में निकालकर थाने ले गई और उसके बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। पकड़े गए बदमाश क्षेत्र के आदतन अपराधी है। जिनके विरुद्ध थाना क्षेत्र में कई आपराधिक मामले दर्ज है।

उल्लेखनीय है कि 1 मई की रात करीब एक बजे नई बस्ती सुभाष नगर में रहने वाला राज सिंह रिश्ते में लगने वाले अपने भाई निखिल, मोहित, आयुष और देव सिंह के साथ ग्राम झुरझुरु स्थित अपने खेत से खाना खाकर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वे लोग बड़ा पत्थर के पास पहुंचे, सामने से सत्यम साहू विवेक कोल और मोनू शुक्ला आ रहे थे। जिन लोगों ने उन्हें रोका और गाली-गलौज करने लगे थे। विरोध करने पर सत्यम और उसके साथियों ने मिलकर पांचों पर चाकूओं से हमला कर दिया था। घटना में उन पांचों को गंभीर चोटें आई थीं, जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## ट्रेक्टर खड़ा करने पर बड़े भाई से की मारपीट

**जबलपुर**। पाटन थाना अतंर्गत ग्राम बरही में ट्रेक्टर खड़ा करने से मना करने की बात पर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई के साथ गालीगलौज कर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरही निवासी 45 वर्षीय किसान भूपसिंह लोधी के घर के सामने गली के उस पास उसकी रेत रखी हुई है। उसका छोटा रघुवीर सिंह लोधी अपना ट्रेक्टर उसके घर के सामने रखी रेत पर खड़ा करता है। गत रात लगभग 10.30 बजे भूपसिंह लोधी अपने घर के बाहर गली में खड़ा था तभी छोटा भाई रघुवीर सिंह लोधी ट्रेक्टर लेकर आया और उसके घर के सामने रखी रेत पर अपना ट्रेक्टर खड़ा कर दिया। उसने रघुवीर से रेत पर ट्रेक्टर खड़ा करने से मना किया तो रघुवीर ने गालीगलौज कर उस पर लाठी से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# रंगदारी वसूलने युवक से मारपीट, कार में तोड़फोड़

**जबलपुर**। लार्डगंज थाना अतंर्गत शताब्दीपुर फेस 2 में शराब के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी और उसकी कार में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शताब्दीपुरम फेस 2 निवासी प्रशांत मिश्रा गत सुबह लगभग 6 बजे अपने घर के बाहर टहल रहा था तभी मुक्कू पटैल और आशुतोष आए और इस क्षेत्र के हम गुंडे कहते हुए शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर उसके साथ गालीगलौज व मारपीट कर वहीं पर खड़ी उसकी कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 5753 में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। क्षतिग्रस्त कार की कीमत लगभग 55 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 324(4), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## किसान के साथ बाप बेटों ने की मारपीट

**जबलपुर**। पनागर थाना अतंर्गत ग्राम बम्हनौदा तालाब के पीछे स्थित एक खेत में काम कर रहे एक किसान से बाप बेटों ने मिलकर जबरन रुपए की मांग कर गालीगलौज व मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिजुआ निवासी 50 वर्षीय किसान शांति प्रसाद पटेल गत दिवस ग्राम बम्हनौदा तालाब के पीछे स्थित अपने खेत में लगी मूंग देखने गया था। शाम लगभग 4 बजे उसके खेत के किनारे लगे एक खेत का मालिक राजेश पटैल अपने दोनों लड़के नीरज पटैल एवं रूद्र पटैल के साथ आया और तुमने मेरा खेत दबा लिया है, कहने लगा, उसने कहा कि किसी का खेत नहीं दबाया है अपने खेत में खेती कर रहा हूं, इसी बात पर तीनों उसके साथ गाली गलौज करते हुए खेत मे खेती करना है तो 25 हजार रूपये की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर तीनों ने मारपीट कर पीठ, गाल में चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती निर्मला देवी नागवानी**- हाथीताल पानी की टंकी के पास निवासी श्री अर्जुन दास नागवानी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला देवी नागवानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती खिम्मा बाई अहिरवार**- तिलहरी फेस 2 निवासी श्री शंकर लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती खिम्मा बाई अहिरवार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय राजपूत**- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री दयाराम राजपूत के पुत्र श्री संजय राजपूत (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा रजक**- सदर आजाद चौक निवासी श्री कंधी लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती आशा रजक (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लल्ली नामदेव**- खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री लल्ली नामदेव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटे लाल सिहोते**- बिलहरी चेतना मैदान निवासी श्री छोटे लाल सिहोते (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया बाई राजपूत**- आचार्य विनोबा भावे वार्ड करियापाथर निवासी श्री वीरेंद्र प्रताप राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई राजपूत (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शारदा देवी वर्मा**- मड़ई व्हीकल निवासी श्री यमुना प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा देवी वर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नीरज कोरी**- बाबा टोला निवासी श्री राजू कोरी के पुत्र श्री नीरज कोरी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय सिंह**- राजुल पैराडाइज तिलहरी निवासी श्री अजय सिंह (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

इंदौर में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना होगी

# कैबिनेट ने कम्पोजिट लॉजिस्टिक हब पवारखेड़ा परियोजना को हस्तांतरित करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की पचमढ़ी बैठक में सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। इसमें कम्पोजिट लॉजिस्टिक हब पवारखेड़ा परियोजना को हस्तांतरित करने का निर्णय हुआ है। मप्र में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना के लिए कैबिनेट ने प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया।

नर्मदापुरम जिले के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने मे. केसर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक लि. की ओर से क्रियान्वित कम्पोजिट लॉजिस्टिक हब पवारखेड़ा परियोजना को मे. डीपी वर्ल्ड (दुबई पोर्ट) मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक प्रालि को हस्तांतरित किए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक पचमढ़ी के राजभवन में हुई।




### मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम को सहभागीदार बनाए जाने का निर्णय

कैबिनेट ने तकनीकी आधारित कृषि विकास एवं कृषि उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार की भावी संभावनाओं के दृष्टिगत मप्र में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना, संचालन के लिए राज्य शासन की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम को सहभागीदार बनाए जाने का निर्णय लिया है।

### डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग के विकास को उत्प्रेरित करेगा

एग्रीटेक हब के प्रमुख उद्देश्यों में आईआईटी इंदौर में कृषि में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करना है। यह 46 डीप एग्रीटेक कार्यक्रमों, 40 आविष्कारों, 25 पेटेंट दाखिल करने, 8 स्टार्टअप के इनक्यूबेशन और स्टार्टअप के माध्यम से 10 प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और लाइसेंसिंग समझौतों को सुविधाजनक बनाएगा। साथ ही फसलों में नए और बेहतर लक्षणों के विकास को सक्षम करने उभरती प्रौद्योगिकियों को उत्प्रेरित करेगा।

### इंदौर में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना को मंजूरी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुरूप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इन्दौर को परियोजना की स्थापना के लिए राज्यांश के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि दो करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। तकनीकी आधारित कृषि की आवश्यकताओं के अनुरूप कृषि उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि किए जाने के उद्देश्य से इंदौर में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना की जाएगी। यह गुणवत्तायुक्त तकनीक किसानों तक पहुंचाए जाने की आवश्यकताओं के ज्ञान प्रबंधन, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और क्षमताओं का निर्माण करने के लिए केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करेगा।

### 14.98 करोड़ रुपए की प्रदान की गई प्रशासकीय स्वीकृति

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर की ओर से आइशर इंदौर, आइशर भोपाल एवं सी डेक पुणे के सहयोग से स्थापना की जाएगी। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एव सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से परियोजना लागत राशि 14.98 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना की स्थापना और संचालन के लिए कुल लागत राशि 14 करोड़ 98 लाख रुपए में से इलेक्ट्रॉनिक्स एव सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की 11 करोड़ 32 लाख रुपए की, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की दो करोड़ रुपए की, आईआईटी इन्दौर की एक करोड़ 10 लाख रुपए की, टेकरीमा एग्रो रिसर्च एण्ड डेव्हलपमेंट प्रालि की 25 लाख रुपए की, देवदित्य टेक्नोक्रेट्स एलएलपी इन्दौर की 10 लाख रुपए की, कॉर्नस्टोन साल्यूशन्स इन्दौर की 10 लाख रुपए की और रुचि हाई रिच सीड्स प्रालि की 10 लाख रुपए की वित्तीय सहभागिता रहेगी।

केंद्र और राज्य सरकारों के कामों के आधार पर हमें लगातार जीत मिल रही: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# कांग्रेस ने आजादी के बाद हिंदू-मुस्लिम में फूट डालकर लड़ाया पीएम मोदी ने हर वर्ग की उन्नति के लिए किया काम: सीएम

भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर हुई कार्यशाला

कार्यशाला में डॉ. यादव, शर्मा, हितानंद, डॉ. सिंह समेत पदाधिकारियों ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें विरासत को संवारने के साथ विकास का काम कर रही हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है और भारत विकसित देशों के श्रेणी में चौथे पायदान पर पहुंच गया है। आज देश की 140 करोड़ से अधिक जनता हमारे साथ है। कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही हिन्दू और मुस्लिम वर्ग में फूट डालकर उनको लड़ाने का कार्य किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर वर्ग की उन्नति के लिए कार्य किया है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विष्णुदत्त शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता राष्ट्रवादी दल के सदस्य हैं। हमारा प्रत्येक त्योहार से सांस्कृतिक संबंध है, इसलिए मप्र की भाजपा सरकार हर त्योहार को आनंद के साथ जनता के साथ मिलकर मना रही है। मप्र के खंडवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर पूरे भारत में पहला स्थान हासिल किया है।






### यह केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने का अवसर : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के कामों के आधार पर हमें लगातार जीत मिल रही है। 9 जून से 'सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष' अभियान शुरू होने जा रहा है, साथ इस माह में अन्य कार्यक्रम भी होंगे। यह हमारे लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने का अवसर है। समय का सद्उपयोग करें और अपने काम के लिए लगातार प्रवास करें। 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर सभी जिलों में पार्टी कार्यक्रम कर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करेगी और जनता को बताएगी कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर किस प्रकार देश के लोकतंत्र का गला घोंटा था। आज राहुल गांधी भी भोपाल में हैं। मध्यप्रदेश की जनता राहुल गांधी से पूछना चाहती है कि कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला क्यों घोंटा था। राहुल गांधी को मध्यप्रदेश की जनता के सवाल का जवाब देना चाहिए।

### कांग्रेस हमेशा संविधान विरोधी रही: वर्मा

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा संविधान विरोधी और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर विरोधी रही है। कांग्रेस चाहती ही नहीं थी कि संविधान देश का कोई व्यक्ति लिखे। कांग्रेस किसी अंग्रेज से देश का संविधान लिखवाना चाहती थी। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को चुनाव हराने से लेकर उनके साथ कैसा व्यवहार किया, यह जगजाहिर है। देश में कुछ राजनीतिक पार्टियां हमारी पार्टी पर आरोप लगाती हैं कि हम एक समाज के विरोधी हैं। यह सिर्फ अपनी राजनीति साधने के लिए हम पर गलत आरोप लगाते हैं।

### प्रधानमंत्री का संकल्प भारत को विकसित राष्ट्र बनाना: डॉ. सिंह

प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और जब वे अमेरिका के दौरे पर गए, तो वहां के राष्ट्रपति उनकी अगवानी के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचे। इंग्लैंड में प्रधानमंत्री मोदी के जाने पर वंदे मातरम और भारतमाता की जय के नारे गूंज उठे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

### पर्यावरण दिवस पर लगाएं एक पेड़ मां के नाम : हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने आगामी संगठनात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपबल्धियों को सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के तहत जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां' के नाम के तहत पौधा रोपकर उसे सहजने का काम हम सभी को करना है।

मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने याद दिलाए संस्कार

# राहुल गांधी ने जूते उतारे बगैर दे दी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि, विवाद में घिरे

बैकफुट पर आई कांग्रेस, पूर्व मंत्री वर्मा ने किया बचाव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर अपनी दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी विवाद में घिर गए। उन्होंने बिना जूते उतारे ही इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जूते पहने सामने पहुंचे और फूल उठाकर उनके चित्र के सामने फेंक कर हाथ जोड़े। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने ट्वीट कर श्रद्धांजलि देने के इस तरीके पर सवाल उठाए हैं।

### कांग्रेस के संस्कारों से मिली देश को आजादी: वर्मा

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि मोहन यादव कांग्रेस को संस्कार सिखाएंगे क्या? वह संस्कार ठीक है, जिसमें भाजपा का नेता नग्न होकर सड़क को बेडरूम बना रहा है? हमारे संस्कार कांग्रेस के संस्कार थे, जिससे इस देश को आजादी मिली।

### ये हमारे संस्कार नहीं: मुख्मंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी का अपनी दादी को श्रद्धांजलि देने का तरीका मुझे जंचा नहीं। ये हमारे संस्कार नहीं हैं। उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि हमारी संस्कृति में ये संवेदना है। उन्होंने मीडिया के सवाल पर कहा कि राहुल मध्य प्रदेश आए हैं, अपना काम करें, लेकिन उनके आने से कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।

### राहुल की पूर्वजों के प्रति श्रद्धा नहीं: वीडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी राहुल पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जूते पहने हुए ही राहुल गांधी ने अपनी दादी इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की, इससे उनकी सोच और संस्कार साफ नजर आ रहे हैं। जिसमें अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा नहीं है, भारत की संस्कृति की जानकारी नहीं है। ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस प्रधानमंत्री बनाने के सपने देख रही है।

आग लगने का कारण शार्ट सर्किट, जांट में जुटी पुलिस

# शनिचरी बाजार में आग करोड़ों का सामान खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सबसे बड़े व्यस्ततम शनिचरी बाजार में बुधवार तड़के करीब 3 बजे भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते घटना स्थल पर दो दर्जन से अधिक दुकान इसकी चपेट में आ गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। इस आगजनी की घटना में कई कॉस्मेटिक, कपड़ा जूता सहित दुकानों में रखा करोड़ों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आनन-फानन में दमकल की टीम पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकानदारों के मुताबिक आग से करोड़ों रुपये का सामान नष्ट हो गया है। यह घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। फिलहाल राहत की बात यह है कि आगजनी से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल से की यात्रा

# स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने दिया साइकिलिंग का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

विश्व साइकिल दिवस पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में तीन किलोमीटर साइकिल यात्रा की और लोगों से नियमित साइकिलिंग की अपील की। उन्होंने इसे स्वस्थ जीवन और आर्थिक बचत के लिए जरूरी बताया।

कोटमी चौराहे पर 'मुगौड़ी' चाय की दुकान पर आम लोगों से अनौपचारिक संवाद करते हुए स्थानीय समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मंत्री ने कोटमी स्वास्थ्य केंद्र में



नए प्रसव कक्ष का उद्घाटन किया और जननी सुरक्षा कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को गर्भवती माताओं की निगरानी को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल का निरीक्षण कर उन्होंने मरीजों से बातचीत भी की। साइकिलिंग को बढ़ावा देते हुए जायसवाल ने कहा, 'साइकिलिंग मधुमेह और रक्तचाप जैसी बीमारियों से बचाव करती है।

राज्य सरकार ने पदस्थापना में किया फेरबदल

# 3 आईपीएस बदले, रावत बने राज्यपाल के ओएसडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने 3 आईपीएस की पदस्थापना में फेरबदल किया है। जारी सूची के अनुसार प्रियंका शुक्ला पुलिस उपायुक्त नगरीय पुलिस भोपाल को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया गया है। वहीं राज्यपाल के ओएसडी शशांक को पुलिस उपायुक्त जोन वन नगरीय पुलिस भोपाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन नरेन्द्र रावत को राज्यपाल का ओएसडी बनाया गया है।

### संजय कुमार अंधवान बने पीएचई के ईएनसी, सीके सिंह बने ईएनसी सलाहकार

राज्य सरकार ने मुख्य अभियंता (सिविल) संजय कुमार अंधवान को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) का प्रमुख अभियंता (ईएनसी) के पद पर पदस्थ किया है। अंधवान अभी तक मप्र जल निगम में परियोजना निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ थे, किंतु राज्य सरकार ने उनकी वरिष्ठता एवं कार्य अनुभव को देखते हुए उनकी प्रतिनियुक्ति वापस कर ईएनसी के पद पर पदस्थ किया है। अभी तक ईएनसी के पद पर केके सोनगरिया पदस्थ थे। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद सरकार ने एक वर्ष के लिए संविदा नियुक्ति प्रदान की थी, किंतु 31 मई को उनकी यह अवधि पूरी हो गई। उनकी सेवा पूरी होने के बाद उन्हे पद से हटा दिया गया। इसी तरह प्रभारी प्रमुख अभियंता सलाहकार के पद पर पदस्थ पीके मेदमवार की सेवानिवृत्ति के बाद सरकार ने रिक्त पद पर मुख्य अभियंता सिविल सीके सिंह को प्रमुख अभियंता सलाहकार के पद पर पदस्थ किया है।




### फूड कंट्रोलर कुजूर का रिटायर जादौन को मिली जिम्मेदारी

तीन महीने पहले भोपाल में पदस्थ हुए जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर 31 मई को रिटायर हो गए हैं। जिसके बाद मंगलवार को शासन ने प्रभारी उप संचालक संचालनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण चंद्रभान सिंह जादौर को प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक बनाया गया है। वह बुधवार को पदभार ग्रहण करेंगे। राजधानी में वर्तमान में आधार बेस्ड पीडीएस का राशन बांटा जा रहा है, जबकि अस्सी फीसदी उपभोक्ताओं की ईकेवायसी है, जबकि बीस फीसदी उपभोक्ताओं ने अब तक ईकेवायसी नहीं कराई है। जिसको पूरा कराने की जादौन को चुनौती रहेगी।

उप मुख्यमंत्री ने नौजवानों को समझाई लोकतंत्र की ताकत और माओवाद का खामियाजा

# युवा समझें माओवाद क्या है, कैसे और कहां से शुरू हुआ : डिप्टी सीएम शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चीन के बीजिंग में 1989 में हुए तियानमेन स्क्वायर हत्याकांड पर कहा कि आज का दिन याद रखने लायक है। खासतौर पर छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए, क्योंकि माओवादियों ने यहां के लोगों को गुमराह किया है। उनकी गलतफहमियों को दूर करने के लिए युवाओं को यह जानना जरूरी है कि माओवाद क्या है? इसीलिए मैं आज इस बारे में ऑनलाइन संवाद कर रहा हूं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवान साथियों को जानकारी होनी चाहिए के माओवाद क्या है, यह कहां से शुरू हुआ और कैसे शुरू हुआ, इसे नौजवानों को समझना होगा। छत्तीसगढ़ और केंद्र की वर्तमान सरकारें इससे निपटने के लिए क्या कर रही हैं, यह नौजवानों को समझना है। मेरा नौजवान साथियों से निवेदन है कि आपके हाथ में सोशल मीडिया की बड़ी ताकत है, आपके बीच में कोई भी समाचार तरंग की तरह आगे बढ़ता है। मेरा आपसे निवेदन है कि आप अपने सोशल मीडिया का उपयोग इन बातों के लिए जरूर करें। उन्होंने कहा कि



1989 में बीजिंग के तियानमेन चौक पर इसलिए नरसंहार किया गया, क्योंकि कुछ नौजवानों ने वहां लोकतंत्र की मांग की थी। उन्होंने कहा कि चीन में लोकतंत्र न हो इसलिए हजारों नौजवानों को मौत के घाट उतार दिया गया था। चीन में पूरी जनता लाल सेना की गुलाम है। वैसा ही गुलाम उन्होंने (माओवादियों ने) बस्तर के लोगों को बना रखा है। चीन में गांव में सरकार को फैक्ट्री खोलनी है तब क्या पंचायत अनुमति देती है।

### दुर्ग में पकड़ाए बांग्लादेशी नागरिकों पर भी बोले डिप्टी सीएम शर्मा

*चीन में खदान खोलना है तब क्या किसी जनप्रतिनिधि से पूछा जाता है। क्या वहां पंचायतें प्रस्ताव करती हैं। हमारे यहां खदान खोलनी है तब पंचायत जब तक अनुमति नहीं देती, तब तक बड़ी से बड़ी कंपनियां काम नहीं कर पातीं। यह लोकतंत्र की ताकत है। यहां ताकत जनता के हाथ में है। व्यवस्थाओं में कुछ कमी होती है तब पहले चर्चा की जाती है। हल नहीं होने पर चेतावनी देकर आंदोलन किया जाता है। क्या धरना आंदोलन करने वालों को गोली मार दी जाए? यह माओवाद सिखाता है कि ऐसे लोगों को गोली मार दी जाए। वहीं दुर्ग जिले में गिरफ्तार किए गए दो बांग्लादेशी नागरिकों को लेकर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि इसमें कई अपराधी पकड़े गए हैं। मैं स्वीकार करता हूं कि पकड़े गए इससे ज्यादा अपराधी हैं। इसे लेकर प्रदेश में नियम और कायदे के तहत काम हो रहा है। इसे और बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि जो भी जानकारी मिले लोग उसे शेयर करें। हम उनके लिए एक तंत्र भी विकसित कर रहे हैं, ताकि वे अपने पास मौजूद जानकारी को साझा कर सकें।*

सुबह 10 बजे से डेढ़ घंटे तक चलेगा आयोजन

# आज आयोजित होगी विश्व पर्यावरण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय 'प्लास्टिक प्रदूषण-दुष्प्रभाव एवं समाधान' रखा गया है। पांच जून को सुबह 10 बजे प्रतियोगिता शुरू होगी।

इसकी समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट निर्धारित की गई है। पोस्टर प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रथम वर्ग 12 वर्ष तक, द्वितीय वर्ग 13 से 17 वर्ष, तृतीय वर्ग 18 से 21 वर्ष और चतुर्थ वर्ग दिव्यांगजनों का है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपए, द्वितीय 3000 रूपए, तृतीय 2000 रूपए तथा दो सांत्वना पुरस्कार 500-500 रूपए रखे गए हैं। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा 5 जून को रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह के न्यू कन्वेन्शन हॉल में यह प्रतियोगिता रखा गया है। यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दे पर जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन के लिए सुबह 9:30 बजे स्थल पर उपस्थित होना होगा। रजिस्ट्रेशन स्थल न्यू कन्वेन्शन हॉल, नवीन विश्राम गृह, सिविल लाइन, रायपुर रहेगा। प्रतिभागियों को आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लानी होगी। मंडल द्वारा ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी।

## चिंतन

# गरीब कैदियों को वित्तीय मदद में तेजी लाएं राज्य

देश के जेलों में बंद गरीब कैदियों को जमानत के लिए कानूनी सहायता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारतीय जेलों में हजारों विचाराधीन कैदी हैं, जिन्हें अपने लिए इंसाफ का इंतजार है। भारतीय अदालतों में मुकदमों की इतनी भीड़ है और न्याय व्यवस्था इतनी सुस्त है कि जेलों में बंद आरोपी गरीब कैदियों की न्याय की आस ही पथरा जाती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गरीब कैदियों की जमानत में मदद के लिए राज्यों से केंद्रीय कोष का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया है कि वे केंद्रीय कोष से उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें, जो आर्थिक तंगी के कारण जुर्माना अदा न कर पाने से जमानत या जेल से रिहाई पाने में असमर्थ हैं। सरकार के इस फैसले से गरीब कैदियों को जमानत में और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में मदद मिलेगी। सरकार की पहल पात्र कैदियों को लाभ पहुंचाने की है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) के माध्यम से राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो सीएनए के रूप में नामित है। मोदी सरकार ने वर्ष 2023 के मई में गरीब कैदियों को सहायता योजना शुरू की थी। इसके तहत केंद्र सरकार राज्यों को वित्तीय मदद करती है और राज्य इस फंड का इस्तेमाल गरीब कैदियों की कानूनी मदद में करते हैं। दिक्कत यह है कि राज्य व केंद्र शासित सरकारें गरीब कैदियों की मदद के लिए इस योजना के क्रियान्वयन में उदासीन रहती हैं। इससे केंद्र को बार-बार राज्यों को याद दिलाना पड़ता है, यह स्थिति चिंताजनक है। देश की जेलों में कैदियों की संख्या क्षमता से अधिक है। राज्यों को अपने यहां की जेलों का ऑडिट करना चाहिए, पात्र कैदियों की पहचान कर उन्हें केंद्रीय मदद का लाभ पहुंचाना चाहिए। इसके लिए राज्यों के जेलमंत्री को अपने स्तर पर पहल कर आधिकारी को लगाना चाहिए। जिन राज्यों ने सीमित मात्रा में गरीब कैदियों की मदद की केंद्रीय योजना का उपयोग भी किया है, उनका भी समग्र कार्यान्वयन उत्साहजनक नहीं है। गृहमंत्रालय की ओर से पूर्व में ही योजना के कार्यान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तय कर दी गई है, जिसमें राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को प्रत्येक जिले में एक 'अधिकार प्राप्त समिति' और राज्य मुख्यालय स्तर पर एक 'निगरानी समिति' गठित की जानी चाहिए। इन समितियों को ही पात्र गरीब कैदियों के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत करने का अधिकार है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ये समितियां मानवीयता व जिम्मेदारी के भाव से अपना काम नहीं कर रही हैं। इससे योजना का लाभ गरीब कैदियों को नहीं मिल रहा है। हाल ही में जारी 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025' के अनुसार, जेलों में कैदियों की राष्ट्रीय औसत कुल क्षमता का 131 प्रतिशत से अधिक है। वहीं कुल कैदियों में विचाराधीन कैदियों की संख्या 76 प्रतिशत होने का अनुमान है। वर्ष 2030 तक कारागारों में कैदियों की संख्या 6.8 लाख तक पहुंच जाएगी, जबकि इनकी क्षमता केवल 5.15 लाख तक होगी। देश में एक बड़े जेल सुधार की आवश्यकता है। इसी के साथ पुलिस के काम करने के तरीके में भी सुधार की आवश्यकता है। जेल में विचाराधीन कैदियों की संख्या बढ़ते रहने के पीछे पुलिस का ही दोषपूर्ण व गैरजिम्मेदाराना कामकाज है। हजारों विचाराधीन कैदी अपने ऊपर लगे आरोप में होने वाली सजा की अवधि से अधिक वक्त तक केस खुलने के इंतजार में जेल में बंद हैं। राज्यों को जेल की दशा में सुधार व गरीब कैदियों की मदद के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए।

# पर्यावरण की अनदेखी पड़ रही भारी



विश्व पर्यावरण दिवस
डा.ए.के. अरुण

पहाड़ों में प्लास्टिक प्रदूषण को मानव जीवन एवं हिमालय पारिस्थितिकी तथा जैव विविधता के लिए बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। उत्तराखंड एवं अन्य पर्वतीय प्रदेशों में प्लास्टिक प्रदूषण की वजह से पर्यावरण की दुर्गति की बात करें तो विगत वर्षों के आंकड़े डरावने लगते हैं। उत्तराखंड में प्रदूषण फैलाने वाले तत्व में मल्टी लेयर प्लास्टिक प्रमुख हैं, जिसमें स्नैक्स के पैकेट, पानी की बोतलें आदि शामिल हैं। विडंबना यह है कि उत्तराखंड में वर्ष 2018 से प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। अगर पहाड़ और वहां के पर्यावरण को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो वह दिन दूर नहीं, जब धरती पर वन्य जीव और मानव नहीं, केवल कंक्रीट के घर और प्लास्टिक ही रह जाएंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के बहाने हम इस बार उत्तराखंड सहित देश के लगभग सभी पर्वतीय प्रदेशों में पर्यावरण की स्थिति की चर्चा कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में यह दिवस पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने का सबसे बड़ा वैश्विक मंच बन गया है। वर्ष 2025 विश्व पर्यावरण दिवस के समारोह के आयोजन की मेज़बानी इस वर्ष कोरिया गणराज्य कर रहा है। इसका थीम है "वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना।" पृथ्वी को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करना सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपभोग को कम करना, पहाड़, समुद्र और महासागरों की सुरक्षा तथा पारिस्थितिकी तंत्र की मरम्मत और जैव विविधता को बनाए रखना शामिल है। उत्तराखंड एवं अन्य पर्वतीय प्रदेशों में प्लास्टिक प्रदूषण की वजह से पर्यावरण की दुर्गति की बात करें तो विगत वर्षों के आंकड़े डरावने लगते हैं। उत्तराखंड में प्रदूषण फैलाने वाले तत्व में मल्टी लेयर प्लास्टिक प्रमुख हैं, जिसमें स्नैक्स के पैकेट, पानी की बोतलें आदि शामिल हैं।

कोरोना महामारी के दौरान के वर्षों में जब लॉकडाउन लगाया गया था, तब वर्ष 2021-22 में उत्तराखण्ड में लगभग 25 हजार टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ था। वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 45 हजार टन को पार कर चुका था। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक प्रदूषण में यह वृद्धि पर्यावरणविदों के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए चिंता का विषय है। पहाड़ों में प्लास्टिक प्रदूषण को मानव जीवन एवं हिमालय पारिस्थितिकी तथा जैव विविधता के लिए बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। विडंबना यह है कि उत्तराखंड में वर्ष 2018 से प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। राज्यभर में प्लास्टिक की थैलियों में सामान लेने देने वाले दुकानदारों और ग्राहकों पर छापेमारी की कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन इस प्रतिबंध का कोई ख़ास असर तो दिखाई नही दिया। लोग पूछते हैं कि प्लास्टिक का विकल्प क्या है? क्या प्लास्टिक प्रदूषण के लिए सिर्फ़ दुकानों पर बिकने वाली प्लास्टिक थैलियां ही ज़िम्मेवार हैं।प्‌लास्टिक पैकेजिंग करने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियां क्या अपने प्लास्टिक कचरे का ईमानदारी से निस्तारण करती हैं? हरिद्वार, नैनीताल, देहरादून बद्रीनाथ, केदारनाथ आदि स्थान पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। इन जगहों पर प्लास्टिक प्रदूषण की स्थिति बहुत चिंताजनक पाई गई है। प्लास्टिक को पर्वतीय परिपेक्ष्य में भी देखने की ज़रूरत है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट-2016 की "एक्सटेंडेड प्रोडूसर रिस्पांसिबिलिटी" नियम के तहत कंपनियों पर ज़िम्मेदारी होती है कि वे अपने द्वारा पैदा किए गए कचरे का निस्तारण करें लेकिन उत्तराखंड सहित किसी भी पर्वतीय प्रदेश में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिकों के मुताबिक़ यदि हम प्लास्टिक का ऐसे ही अंधाधुंध इस्तेमाल करते रहे तो अगले 20 वर्षों में प्लास्टिक कचरा बढ़कर दोगुना हो जाएगा। प्लास्टिक कचरे के मामले में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहले नंबर पर है। दूसरे स्थान पर हरिद्वार आता है। वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर जो चिंता जतायी जा रही है उसके मद्देनज़र पहाड़ों और उसके आस पास के इलाकों को प्लास्टिक मुक्त करने की सख़्त ज़रूरत है। भले ही प्लास्टिक ने हमारी



ज़िंदगी आसान कर दी हो लेकिन स्वास्थ्य और पर्यावरण को प्लास्टिक से होते नुक़सान के रूप में दुनिया को इसकी भारी क़ीमत चुकानी पड़ रही है। अभी हाल के एक वैश्विक अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक में उपयोग होने वाले कुछ केमिकल मनुष्य और जीव जन्तुओं की सेहत पर भारी पड़ रहे हैं। अध्ययन के अनुसार वर्ष 2018 में दुनिया भर में दिल की बीमारी से हुई 3,56,000 से ज़्यादा मौतों का संबंध प्लास्टिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले एक विशेष रसायन "डाई-2ऐथाइलहेक्सिल फ़्थेलेट"(डीईएचपी) से था। यह रसायन प्लास्टिक को लचीला बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन यह तो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर ख़तरा है। चिंता की बात यह है कि इस मामले में भारत की स्थिति सबसे ज़्यादा ख़राब है।

यहां हृदय रोग से होने वाली 1,03,587 मौतों के लिए कहीं न कहीं यह केमिकल ज़िम्मेवार है। इस अध्ययन का नेतृत्व न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी लैंगोन हेल्थ के वैज्ञानिकों ने किया है। इस अध्ययन के नतीजे एक विश्व प्रसिद्ध जर्नल "लैंसेट ई बायोमेडिसिन" में प्रकाशित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक में उपयोग होने वाले इन केमिकल्स को फ़ेथेलेट्स कहा जाता है। ये प्लास्टिक के डब्बों, कॉस्मेटिक उत्पादों, डिटर्जेंट सालवेंट, कीटनाशकों, पाइपों और मेडिकल उपकरणों में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। ये केमिकल सूक्ष्म कणों में बदल कर हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और शोधकर्ताओं के मुताबिक़ ये मोटापा, डायबिटीज, कैंसर तथा प्रजनन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा देते हैं। वर्ष 2022 के दौरान दुनियाभर में जितना प्लास्टिक तैयार हुआ उसमें 10 फ़ीसद से भी कम रीसाइकल मैटीरियल से बनाया गया था। आंकड़ों पर नज़र डालें तो सन् 2022 में चालीस करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हुआ लेकिन उसमें से महज़ 3.8 करोड़ टन यानी 9.5 फ़ीसद ही रीसाइकल करके बनाया गया, जबकि बाक़ी 36.2 करोड़ टन प्लास्टिक में से 98 फ़ीसद का उत्पादन जीवाश्म ईंधन (मुख्य रूप से कोयला और तेल) से किया गया। यह जानकारी प्लास्टिक के जीवन चक्र पर किए गए पहले व्यापक वैश्विक अध्ययन से सामने आई है। भारत के पारिस्थितिकी संवेदनशील हिमालय क्षेत्र में प्लास्टिक प्रदूषण का संकट दिन प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। नाज़ुक और संवेदी पहाड़ों पर 80 फ़ीसद से अधिक प्लास्टिक कचरा सिंगल यूज खाद्य और पेय पैकिंग से उत्पन्न हो रहा है। चिंताजनक यह है कि इस कचरे में 70 फीसद तो वह प्लास्टिक है जिसे न तो रीसाइकल किया जा सकता है और न ही इसका कोई बाज़ार मूल्य है। कुल कचरे में पीईटी जैसे रीसाइकल योग्य प्लास्टिक की मात्रा मात्र 18.5 फ़ीसद है। द हिमालयन क्लीनअप (टीएचसी) 2024 रिपोर्ट ने 2018 से जम्मू और कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश का व्यापक प्लास्टिक कचरा और ब्रांड ऑडिट के दौरान यह निष्कर्ष दिया है। रिपोर्ट में पाया गया है कि अधिकांश प्रदूषण फैलाने वाले ब्रांड्स जैसे इंस्टेंट नूडल्स और ऊर्जा पेय पदार्थों की पैकिंग कचरे में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज समाज में पर्यावरण संरक्षण की समझ पैदा करने की आवश्यकता है। यह प्लास्टिक मानव जीवन के लिए ख़तरा बन गया है। संवेदनशील पहाड़ों में प्लास्टिक के जमा होते ढेर जानलेवा हैं। यह वन्य जीवों और वनस्पति तथा पर्यावरण के लिए ख़तरा हैं।

इस ख़तरे के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करना होगा। ईको सिस्टम को जानने और इसके संरक्षण के लिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल करना तथा इससे आम नागरिकों को भी जोड़ना होगा। अगर पहाड़ और वहां के पर्यावरण को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो वह दिन दूर नहीं, जब धरती पर वन्य जीव और मानव नहीं, केवल कंक्रीट के घर और प्लास्टिक ही रह जाएंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
राजकुमार सिन्हा



# प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी प्रतिबंध लगाना आवश्यक


विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है। वर्ष 1972 में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने की थी। हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन के साथ आता है। यह दिन सरकारों, व्यवसायियों और लोगों के लिए प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ़ कार्रवाई करने और स्वच्छ, स्वस्थ ग्रह को बढ़ावा देने वाली नीतियों का समर्थन करने का एक अवसर है। इस बार 5 जून, 2025 को कोरिया गणराज्य विश्व पर्यावरण दिवस की मेज़बानी करेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। प्लास्टिक प्रदूषण एक व्यापक पर्यावरणीय समस्या है जो दुनियाभर में पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

साल 1950 में दुनिया में प्लास्टिक उत्पादन 2 मिलियन टन था, जो साल 2021 में बढ़कर 390 मिलियन टन हो गया है। एक अध्ययन के मुताबिक 2.2 करोड़ टन प्लास्टिक पर्यावरण में मिल गया है जिसमें से 60 लाख टन नदियों, तालाबों और सागरों में गया है। 'डाउन टू अर्थ' पत्रिका में रोहिणी कृष्णमूर्ति की रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक बन गया है। यहां सालाना 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक निकलता है जो वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन का लगभग पांचवां हिस्सा है। प्लास्टिक के बेहद महीन कण, माइक्रो प्लास्टिक के रूप में आज पूरी दुनिया में हावी हो चुके हैं। पृथ्वी पर मौजूद पानी का केवल कुछ हिस्सा लगभग 0.3 प्रतिशत ही पीने लायक है। भारत में जल प्रदूषण पहले से ही एक चिंता का विषय है, प्लास्टिक और कचरे के लीक होने से दुनिया का पानी खतरे में है। भूजल और जलाशय का पानी विषाक्त पदार्थों के रिसाव के कारण अतिसंवेदनशील है। यह न केवल पर्यावरण बल्कि इंसानी स्वास्थ्य और जैवविविधता के लिए बड़ा संकट है। समुद्री जीवन, मिट्टी की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य को खतरे में डालने के अलावा प्लास्टिक कचरा वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 3 से 4 प्रतिशत का योगदान देता है। प्लास्टिक प्रदूषण अब नए चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। 'टॉक्सिओलॉजिकल साइंसेज' में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि प्लास्टिक के सूक्ष्म कण अब माता के गर्भाशय तक पहुंच गए हैं। यह अध्ययन अमेरिका स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मेक्सिको हेल्थ साइंसेज के वैज्ञानिकों ने किया है। साइंस पत्रिका में प्रकाशित शोध के प्रमुख लेखक सैमुअल पोटींगर के अनुसार यदि विश्व में प्लास्टिक उत्पादन पर प्रतिबंध नहीं लगाए गए तो 2050 तक प्लास्टिक प्रणाली से होने वाले वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 37 फीसदी की वृद्धि होगी। एक नए वैश्विक अध्ययन से पता चला है कि 2018 में दुनियाभर में दिल की बीमारी से हुई 3,56,000 से ज्यादा मौतों का संबंध प्लास्टिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले एक विशेष रसायन 'डाइ-2-एथाइलहेक्सिल फ्थेलेट (डीईएचपी)' से था। यह रसायन प्लास्टिक को लचीला बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसे मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। चिंता की बात यह है कि इस मामले में भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब थी, जहां हृदय रोग से होने वाली 1,03,587 मौतों के लिए कहीं न कहीं यह केमिकल भी जिम्मेवार था। भारत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैधानिक ढांचा प्रदान करता है। नियम शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक कचरे के संग्रह सहित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन करने का आदेश देता है। नियमों के तहत, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है कि प्लास्टिक कचरे को खुले में न जलाया जाए। विश्व के लगभग 90 फीसदी समुद्री मछली भंडार का पूर्णतः दोहन हो चुका है, या उनका अत्यधिक दोहन हो चुका है।

भारत के ऋषि - मुनि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षाद् वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः ' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। भारत में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय रिश्ते जोड़े गए हैं। पेड़ की तुलना संतान से की गई है तो नदी को मां स्वरूप माना गया है। परन्तु हमने इस सीख को भुलाकर विनाश का रास्ता पकड़ लिया है।

(लेखक होम्योपैथिक चिकित्सक एवं जनस्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## स्वामी विवेकानंद और अंग्रेज



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानंद रेल से कहीं जा रहे थे। वे जिस डिब्बे में सफर कर रहे थे, उसी डिब्बे में कुछ अंग्रेज यात्री भी थे। उन अंग्रेजों को साधुओं से बहुत चिढ़ थी। वे साधुओं की भर-पेट निंदा कर रहे थे। साथ वाले साधु यात्री को भी गाली दे रहे थे। उनकी सोच थी कि चूंकि साधू अंग्रेजी नहीं जानते हैं, इसलिए उन अंग्रेजों की बातों को नहीं समझ रहे होंगे। इसलिए उन अंग्रेजों ने आपसी बातचीत में साधुओं को कई बार भला-बुरा कहा। हालांकि, उन दिनों की हकीकत थी कि साधु अंग्रेजी जानते भी नहीं थे। रास्ते में एक बड़ा स्टेशन आया, जहां विवेकानंद के स्वागत में हजारों लोग उपस्थित थे, जिनमें विद्वान एवं अधिकारी भी थे। उन्होंने यहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करने के बाद अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी अंग्रेजी में ही दिए। अंग्रेज सहयात्री ये सब देख रहे थे। ये देखकर, रेल में उनकी बुराई कर रहे उन अंग्रेज यात्रियों को सांप सूंघ गया। अवसर मिलते ही वे विवेकानंद के पास गए। उन्होंने नम्रतापूर्वक पूछा कि क्या आपने हमारी बात सुनी? स्वामीजी ने सहजता से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि उनका मस्तिष्क अपने ही कार्यों में व्यस्त था। इसीलिए उन्हें लोगों की बात सुनने का अवसर नहीं मिला। उनका यह जवाब अंग्रेजों को शर्मसार कर गया। अंग्रेजों ने चरणों में झुककर क्षमा याचना की। वे स्वामीजी के प्रति आदर भाव दिखाने लगे। वे उनके ज्ञान का सम्मान करने लगे।

## सटाका




## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। *– महेश साहू, बसना*

## ट्रेंड

### रक्षा साझेदारी की समीक्षा




ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की समीक्षा की। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने में उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता हमारी रणनीतिक साझेदारी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है।
-राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षामंत्री

### अग्निवीरों का सम्मान



चार वर्ष की सेवा के उपरांत अग्निवीरों के ससम्मान समायोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने एवं आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सुरक्षित आश्रय बनाए



दिल्ली में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। चौक-चौराहों पर कैमरा नेटवर्क को दुरुस्त किया जा रहा है। 'सखी निवास' जैसे सुरक्षित आश्रय बनाए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं वहां ठहर सकें।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली


### बिहार कब बदलेगा



जिला मुजफ्फरपुर में दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्म व उसके इलाज में देरी/लापरवाही से हुई मौत की ताजा घटना राज्य की भी बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता-जागता प्रमाण, जो अति-निन्दनीय एवं चिन्तनीय। बिहार कब बदलेगा?
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

## करंट अफेयर


# पोलैंड के पीएम 11 जून को करेंगे विश्वासमत साबित



पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है। यह राष्ट्रपति पद से अलग है, लेकिन राष्ट्रपति के पास कानूनों को वीटो करने की शक्ति है और नवरोकी की जीत से टस्क के लिए अपने यूरोपीय समर्थक एजेंडे को आगे बढ़ाना बेहद मुश्किल हो जाएगा। टस्क ने वारसॉ में कैबिनेट बैठक की शुरुआत में विश्वास मत साबित करने की तारीख की घोषणा की। टस्क ने कहा, 'नए राजनीतिक परिदृश्य में हम सत्र शुरू करने जा रहे हैं। नई राजनीतिक सच्चाई है। हमारे पास एक नए राष्ट्रपति हैं। लेकिन संविधान, हमारे दायित्व और नागरिकों की अपेक्षाएं नहीं बदली हैं। पोलैंड में, सरकार शासन करती है जो एक बड़ा दायित्व और सम्मान है।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थित नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

## ऑफ बीट

# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है



डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है: रासायनिक सॉल्वैंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफी विलायक-आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार-बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



यूके में बोले सांसद रविशंकर प्रसाद

# आतंकी हमलों को भारत 'कतई बर्दाश्त' नहीं करेगा आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होना होगा

*रविशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच संसदीय स्तर पर बेहतर आदान-प्रदान को लेकर सहमति भी बनी है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और इसके संबंध में फैसला पाकिस्तान के रवैये पर निर्भर करेगा*

एजेंसी ▶▶ लंदन

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ब्रिटेन यात्रा मंगलवार को लंदन में संसद के दोनों सदनों और 'इंडिया हाउस' में कई बैठकों के बाद संपन्न हुई। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का कड़ा रुख स्पष्ट रूप से पेश किया। सांसद रविशंकर ने कहा कि पाकिस्तान से किए जाने वाले आतंकवादी हमलों के खिलाफ भारत की कतई बर्दाश्त न करने की नीति को ब्रिटेन में 'स्पष्ट रूप से समझा गया।' उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संसदीय स्तर पर बेहतर आदान-प्रदान को लेकर सहमति भी बनी है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और इसके संबंध में फैसला पाकिस्तान के रवैये पर निर्भर करेगा।

## आतंकियों को नागरिकों की हत्या करने की अनुमति नहीं

### भारत शांति में विश्वास करता

तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन प्रतिधिनिमंडल ने हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंड्से हॉयल के साथ बातचीत की। उसने संसद में 'इंडिया ऑल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप' (एपीपीजी) की ओर से आयोजित संवाद में भी हिस्सा लिया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हम शांति और सौहार्द में विश्वास करते हैं, लेकिन हम आतंकवादियों को हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या करने की अनुमति नहीं दे सकते।

## पाक की परमाणु धमकियों की हवा निकल चुकी

### भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति

रविशंकर ने कहा कि ब्रिटेन ने इस बात को स्वीकार किया कि आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है। पाकिस्तान की परमाणु धमकियों की हवा निकल चुकी है; जहां तक भारत की परमाणु नीति का सवाल है, हम अपने 'पहले इस्तेमाल न करने के रुख' को लेकर बहुत स्पष्ट हैं। हम एक जिम्मेदार लोकतांत्रिक देश और एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति हैं।

### पाकिस्तान के दुष्प्रचार को धाराशायी कर प्रतिनिधिमंडल स्वदेश लौटे

*भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल 51 सांसद, 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर भारत लौटे हैं। जेडी-यू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भारत लौट आया। इसने जापान, इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य और सिंगापुर का दौरा किया। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में वाला बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भारत लौटा। इसने सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा किया और भारत का पक्ष रखा। डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में वाला दल रूस, लातविया, स्लोवेनिया, ग्रीस और स्पेन की यात्रा कर मंगलवार को लौटा। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाला दल बुधवार को दिल्ली पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने यूएई, लाइबेरिया, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और सिएरा लियोन का दौरा किया। सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाला दल मिस्र, इथोपिया, दक्षिण अफ्रीका और कतर की यात्रा की थी। रविशंकर ने नेतृत्व वाला दल भी बेल्जियम, लक्जमबर्ग, यूके और ब्रुसेल्स की यात्रा कर भारत लौट आया है। सांसदों ने कहा कि पहलगाम की घटना की सभी देशों ने निंदा की है। जिस तरह से भारत ने आतंकी ठिकानों पर हमला किया और आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया, उसकी भी प्रशंसा हुई है। ये देश भारत को उसके आर्थिक विकास के कारण अवसरों के देश के रूप में देखते हैं और न केवल आतंकवाद के मुद्दे पर बल्कि अन्य मामलों पर भी उसके साथ काम करना चाहते हैं।*

*सुप्रिया सुले ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई*




*काहिरा। मिस्र की राजधानी काहिरा में मंगलवार को एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने एक उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की सैद्धांतिक स्थिति और सामूहिक संकल्प को दोहराया। यह उच्च स्तरीय बातचीत मिस्र के पूर्व विदेश मंत्री नबील फहमी के नेतृत्व में आयोजित की गई। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की सैद्धांतिक स्थिति और सामूहिक संकल्प को दोहराया और मिस्र के लगातार समर्थन की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने हेलियोपोलिस युद्ध स्मारक का भी दौरा किया। इस दौरान सदस्यों ने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अनेक भारतीय सैनिकों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।*

---

**खबर संक्षेप**

### ईरान ने तीन भारतीय नागरिकों को बचाया



**तेहरान।** ईरान सरकार ने पिछले महीने लापता हुए तीन भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया। दक्षिणी तेहरान के वरामिन में बंधक बनाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई और बंधकों को मुक्त करा लिया गया। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने इसके लिए बुधवार को ईरान को धन्यवाद ज्ञापित किया। दूतावास ने कहा कि ईरान का समर्थन दोनों देशों की मित्रता की सच्ची भावना को दर्शाता है। अब वे भारतीय दूतावास की देखरेख में हैं, जो शीघ्र स्वदेश वापसी में सहायता कर रहा है।

### यूएस में भुट्टो को पत्रकार ने आड़े हाथ लिया



**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर 'खराब और खतरनाक छवि' पेश किए जाने को लेकर टिप्पणी की थी। मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो अमेरिकी टेलीविजन समाचार के संयुक्त राष्ट्र में संवाददाता हैं, ने बिलावल को याद दिलाया कि भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं।

पंजाब से एक और यूट्यूबर गिरफ्तार

## पाक के लिए करता था जासूसी ज्योति-दानिश के साथ थे संपर्क



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब से जासूसी के आरोप में एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। मोहाली एसएसओसी ने रूपनगर के गांव महलान निवासी जसबीर सिंह को पकड़ा है। जसबीर सिंह को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल के डीएसपी पवन शर्मा ने यह जानकारी दी।

■ तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि जसबीर सिंह जान महल नामक एक यूट्यूब चैनल चलाता है। उसके यूट्यूब चैनल के 11 लाख सब्सक्राइबर हैं। उसका संबंध पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के साथ पाया गया है।

### तीन बार गया था पाकिस्तान

जसबीर तीन मौकों (2020, 2021, 2024) पर पाकिस्तान गया था और उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में पाकिस्तान के कई नंबर थे, जिनकी अब विस्तृत फोरेंसिक जांच की जा रही है। ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद, जसबीर ने पहचान से बचने के लिए इन पीआईओ के साथ अपने संचार के सभी निशान मिटाने का प्रयास किया। उसके खिलाफ एसएसओसी मोहाली में एक केस दर्ज किया गया है। हिसार की ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ के दौरान भी जसबीर का नाम सामने आया था। दोनों पाकिस्तान तीन-तीन बार पाकिस्तान जा चुके हैं। वहीं आरोपी जसबीर भी पीआईओ दानिश के संपर्क में था। इसके फोन से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अफसरों के भी नंबर मिले हैं।

### 7 जून को अदालत में होगी पेशी

यूट्यूबर जसबीर सिंह के वकील एडवोकेट माधव शुक्ला ने बताया कि जसबीर सिंह को कल गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा था। सात जून को उसे फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस की एफआईआर के अनुसार, उसके खिलाफ 3 आरोप हैं। पहला यह कि उसे विदेशी फंडिंग मिलती है, दूसरा यह कि उसका आईएसआई से संबंध है, तीसरा यह कि उसके पास संवेदनशील डेटा है।

## ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री मार्ल्स ने पीएम मोदी से की मुलाकात

*दोनों देश रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे*


# रक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, महत्वपूर्ण खनिजों और उभरती प्रौद्योगिकी में बढ़ाएंगे सहयोग

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए हमारा साझा दृष्टिकोण हमारे सहयोग का मार्गदर्शन करता रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने संघीय चुनाव में ऑस्ट्रेलियाई लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर डिप्टी पीएम मार्ल्स को बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखला, महत्वपूर्ण खनिजों, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम रिचर्ड मार्ल्स से मिलकर खुशी हुई। भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हुई, जिसकी आज पांचवीं वर्षगांठ है। स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए हमारा साझा दृष्टिकोण हमारे सहयोग का मार्गदर्शन करता रहेगा।



**दोनों देशों का सुरक्षित हिंद महासागर पर साझा दृष्टिकोण**

### आतंकवाद के खिलाफ भारत को ऑस्ट्रेलिया का समर्थन

डिप्टी पीएम मार्ल्स ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में ऑस्ट्रेलिया के समर्थन को दोहराया। मार्ल्स ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए पहलगाम आतंकी हमले की घटना पर शोक जताया और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया भारत के साथ खड़ा है।

### मार्ल्स ने राजनाथ सिंह से की मुलाकात | रक्षा सहयोग को और बेहतर बनाने पर हुई चर्चा

ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। रक्षा मंत्री ने बैठक की जानकारी सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर लिखा कि बैठक में भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की समीक्षा की गई।






**बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि**

रिचर्ड मार्लेस ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पहुंचकर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। ऑस्ट्रेलिया के उप-पीएम रिचर्ड मार्लेस को दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### भारत के साथ संबंध सर्वोच्च प्राथमिकता

रक्षा मंत्री ने बताया कि बैठक में हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुख रहा। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन अपनी ताकत बढ़ा रहा है। मार्लेस ने कहा कि भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया का संबंध उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि आतंकवाद से निपटने में ऑस्ट्रेलिया भारत और सभी देशों के साथ खड़ा है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम होने का भी स्वागत किया।

यूनुस सरकार ने खत्म किया दर्जा

## शेख मुजीबुर्रहमान अब बांग्लादेश के 'राष्ट्रपिता' नहीं, कानून बदला

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के संस्थापक और पूर्व पीएम शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान को दिए गए 'राष्ट्रपिता' के दर्जे को खत्म कर दिया है। स्वतंत्रतता सेनानियों से जुड़े कानून में संशोधन करके यह बदलाव किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।



बता दें, कुछ दिन पहले ही मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को नए मुद्रा (करंसी) नोटों से हटा दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरिम सरकार ने 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम' में संशोधन किया है, जिससे स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा को बदल दिया गया है। कानून में 'राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान' शब्द को भी संशोधित किया गया है। बता दें, बांग्लादेश के कानून, न्याय और संसदीय कार्य मंत्रालय ने इस संशोधन से जुड़ा अध्यादेश मंगलवार की रात को जारी किया। नए कानून से 'राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान' शब्द को हटा दिया गया है।

यूएस के प्रस्ताव की खामेनेई ने की निंदा

## स्वदेशी यूरेनियम संवर्धन क्षमता बनाएं, दूसरों से सहायता न लें

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को परमाणु समझौते पर अमेरिका के प्रस्ताव की आलोचना की और कहा कि यह ईरान के विचार के पूरी तरह से खिलाफ है।



खामेनेई ने हालांकि अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते की संभावना से इनकार भी नहीं किया। खामेनेई ने कहा कि अगर हमारे पास 100 परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं और हमारे पास संवर्धन की क्षमता नहीं है, तो वे सारे परमाणु ऊर्जा संयंत्र हमारे लिए बेकार हैं। अगर हमारे पास संवर्धन नहीं है, तो हमें अमेरिका के सामने हाथ फैलाना होगा। बता दें, कई परमाणु शक्ति संपन्न देश अभी भी बाहरी देशों से संवर्धित यूरेनियम लेते हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बात हो रही है और अभी तक दोनों देशों के बीच पांच दौर की बातचीत हो चुकी है। ईरान के साथ परमाणु समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं में से एक है। समझौते के तहत अमेरिका, ईरान को कठोर आर्थिक प्रतिबंधों से राहत दे सकता है।



### मोरक्को में बकरीद पर नहीं होगी कुर्बानी

**रबात।** मोरक्को सरकार ने इस वर्ष ईद (बकरीद) पर किसी भी प्रकार की पशु कुर्बानी पर रोक लगाने का फैसला लिया है। मोरक्को के किंग मोहम्मद पंचम ने देश में ईद पर होने वाली पारंपरिक पशु बलि को रद्द करने का निर्देश जारी किया है। इस आदेश के बाद पूरे देश में पशु बाजारों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस वर्ष कुर्बानी से परहेज करें और जरूरतमंदों की अन्य तरीकों से मदद करें। इस वर्ष मोरक्को गंभीर सूखे और आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

*प्योंगयांग में होगी रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा*

## रूस के सुरक्षा अधिकारी पहुंचे उत्तर कोरिया, रणनीतिक साझेदारी बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अहम घटनाक्रम देखने को मिला है। ये घटनाक्रम रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ रहे संबंधों से जुड़ा है। बता दें कि, रूस के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगु उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से मुलाकात के लिए पहुंचे हैं।



यह मुलाकात रूस और उत्तर कोरिया के बीच गहरे होते रणनीतिक रिश्तों का संकेत है, खासकर जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध ने अलग रुख ले लिया है। बैठक में रूस और उत्तर कोरिया के बीच जून 2024 में हुए रणनीतिक साझेदारी समझौते के कार्यान्वयन और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों, खासकर यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर भी बातचीत की गई। बता दें कि सर्गेई शोइगु इससे पहले मार्च में भी उत्तर कोरिया की यात्रा कर चुके हैं। वे रूस के पूर्व रक्षा मंत्री भी रह चुके हैं।

### यूक्रेन की मदद के लिए इकट्ठा हुए 50 देश

बुधवार को नाटो के करीब 50 देशों के वरिष्ठ अधिकारी यूक्रेन के समर्थन में बेल्जियम के ब्रूसेल्स में नाटो के मुख्यालय में इकट्ठा हुए। इस बैठक में यूक्रेन को सैन्य मदद देने का समर्थन किया गया। अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन के प्रमुख इस बैठक से दूर रहे। तीन साल पहले अमेरिका द्वारा ही इस संगठन का गठन किया गया था और यह पहली बार है कि अमेरिका के अधिकारी इस बैठक में शामिल नहीं हुए। नाटो की इस बैठक की अध्यक्षता जर्मनी और ब्रिटेन ने की। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ब्रूसेल्स का दौरा करेंगे, लेकिन उनका यह दौरान नाटो की बैठक खत्म होने के बाद होगा। पीट हेगसेथ नाटो के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे।

पीएम मोदी ने दक्षिण कोरिया राष्ट्रपति म्यांग को दी बधाई

## दोनों देशों के संबंध घनिष्ठ, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की आशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने ली जे-म्योंग को दक्षिण कोरिया (रिपब्लिक ऑफ कोरिया) के राष्ट्रपति चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी है, पीएम ने इस अवसर पर कहा कि भारत और कोरिया के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। पीएम ने कहा कि वे ली जे-म्योंग के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साहित हैं। दोनों देशों के रिश्ते ऐतिहासिक और घनिष्ठ रहे हैं। आने वाले समय में दोनों सरकारें सहयोग के और नए अवसर तलाशेंगी।





भारत और दक्षिण कोरिया के बीच रक्षा, व्यापार, तकनीक और संस्कृति जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत साझेदारी है।

### डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता

*दक्षिण कोरिया में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार ली जे-म्युंग ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल कर ली है। बता दें, बुधवार को तड़के उनकी जीत की औपचारिक घोषणा से पहले ही प्रमुख प्रतिद्वंद्वी किम मून सू ने हार स्वीकार की और ली को बधाई दी। इस चुनाव का परिणाम उस राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आया है।*

अमेरिका में चीनी प्रेमी जोड़े की शोध के नाम पर 'जैविक साजिश'!

## खेती पर हमला करने के लिए ले आए खतरनाक फंगस

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में फसल बर्बाद करने और कृषि आतंकवाद फैलाने के लिए खतरनाक जैविक रोगाणु तस्करी का मामला सामने आया है। अमेरिका ने चीन के एक प्रेमी युगल शोधकर्ताओं पर इस रोगाणु की तस्करी का आरोप लगाया है। साथ ही महिला को गिरफ्तार कर लिया है। एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने इसे गंभीर चेतावनी बताते हुए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की अमेरिकी संस्थानों में घुसपैठ और खाद्य आपूर्ति को प्रभावित करने के लिए शोधकर्ताओं के रूप में अपने लोगों को तैनात करने की बात कही है।

एफबीआई बोली यह संभावित कृषि-आतंकवादी हथियार | महिला को काम के लिए चीनी सरकार से धन भी मिला




### महिला का सीपीसी से कनेक्शन

*एफबीआई ने मामले में युनकिंग जियान और उसके प्रेमी जुनयोंग लियू के खिलाफ षड्यंत्र, तस्करी, झूठे बयान देने और वीजा धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि जियान को चीन में इस रोगाणु पर अपने काम के लिए चीनी सरकार से धन भी मिला।*

### फसल को बर्बाद कर सकता है जैविक रोगाणु

जांच में सामने आया कि रोगाणु को फ्यूजेरियम ग्रैमिनीरम के नाम से जाना जाता है। यह जो गेहूं, जौ, मक्का और चावल की फसल को बर्बाद करके पशुओं और लोगों को बीमार कर सकता है। साथ ही अमेरिका को हर साल अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचा सकता है। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने कहा कि यह एक गंभीर चेतावनी है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अमेरिकी संस्थानों में घुसपैठ करने और अमेरिका में खाद्य आपूर्ति को लक्षित करने के लिए गुर्गों और शोधकर्ताओं को तैनात करने के लिए काम कर रही है। यह संभावित कृषि-आतंकवादी हथियार है।

## बैनगंगा नदी का 9 सौ फुट चुनरी से किया श्रृंगार

# गंगा दशहरा पर्व पर आज नर्मदा तटों पर होगा स्नान

**जबलपुर।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आज पुण्य सलिला मां नर्मदा के विभिन्न तटों पर स्नान करने वालों का मेला लगेगा और नर्मदा तटों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। गंगा दशहरे का भले ही गंगा के तटों में मुख्य रुप से बनाया जाता है लेकिन नर्मदा तट पर भी पूरी श्रद्धा के साथ गंगा दशहरे का पर्व मनाया जाने लगा है। इस दिन श्रद्धालु मॉ नर्मदा में गंगा जल अर्पण कर मॉ गंगा का आव्हान करते हैं और स्नान ध्यान कर मां नर्मदा का पूजन अर्चन करते हैं इस बात का पुराणों में भी उल्लेख है कि पुण्य सलिला गंगा के स्नान से जो पुण्य मिलता है वही पुण्य मां नर्मदा के दर्शन मात्र से भी प्राप्त होता है।



### 9 सौ फुट की चुनरी से बैनगंगा का श्रृंगार

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भेड़ाघाट बैनगंगा नदी में गंगा दशहरा की पूर्व सुबह पर शाम 4 बजे 900 फुट की चुनरी से मां गंगा का श्रृंगार किया गया। यह कार्यक्रम इस पार हरे कृष्णा आश्रम से उस पार बैनगंगा के नये पुल तक चुनरी चढ़ाई गई। पुराणों के अनुसार नर्मदा बैनगंगा, सरस्वती के संगम पर यह आयोजन होता है। इस अवसर पर बैनगंगा का दुग्ध अभिषेक के साथ महाआरती की गई। इस अवसर पर आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचन्द्रदास महाराज ने बताया कि वाणासुर नाम का राक्षस प्रतिदिन करोड़ों शिवलिंग का निर्माण करता था। वह सभी शिवलिंगों को गंगा में प्रवाहित करना चाहता था तब भगवान शिव ने दर्शन देकर कहा जहां तुम जमीन में बाण मारोगे वहीं से गंगा जी प्रकट होगी और यह गंगा तुम्हारे नाम के पीछे रहेगी तभी से गंगा मैया लोगों के पाप धोते धोते थक गयी तब मां नर्मदा जी ने गंगा को आर्शीवाद दिया कि तुम साल में एक बार हमसे मिलकर पूरे पाप धो सकती हो और तभी से साल में एक बार गंगा दशहरा पर गंगा मैया नर्मदा से मिलने आती है। इस अवसर पर आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास, नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल जय किशन गुप्ता, शरद अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबवानी कैलाश विश्वकर्मा सुरेश विश्वकर्मा विशाल पांड्या आदि उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का देशव्यापी अभियान

**जबलपुर।** भारत की सबसे बड़ी दिगम्बर जैन समाज की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आव्हान पर आगामी 5 जून, विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर देशभर में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 10,000 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, साथ ही देश के विभिन्न राज्यों में फैले 350 से अधिक स्थानीय ग्रुप मिलकर नदी, तालाब, कुएं, बावड़ी आदि जलस्त्रोतों की सफाई व जल संरक्षण के लिए कार्य करेंगे। इसके साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला, पर्यावरण प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पॉलीथिन के उपयोग को रोकने दुकानदारों व ग्राहकों को जागरूक करने हेतु उन्हें कपड़े व कागज के थैले वितरित किए जाएंगे। इस अभियान की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से साझा की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 5 जून से 5 जुलाई तक चलेगा और इसका उद्देश्य समाज को पर्यावरण एवं जल के प्रति जागरूक करना है।



# कॅरियर काउंसलिंग के साथ मिलेगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी : रोहाणी

**जबलपुर।** जबलपुर संभाग के स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों हेतु "निःशुल्क ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग" का उद्‌घाटन करते हुये अशोक रोहाणी, विधायक, केन्ट ने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन, ऑफलाइन काउंसलिंग के माध्यम से विषय चयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शासन की सभी योजनाओं, प्रवेश संबंधी अन्य जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त होगा। जबलपुर संभाग में इसकी शुरूआत की जा रही है। इस अवसर पर श्री रोहाणी द्वारा "निःशुल्क ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग" का पोस्टर रिलीज किया गया।

प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा संभाग स्तरीय "कॅरियर काउंसलिंग समिति" का गठन किया गया है। जिसमें जबलपुर संभाग के विभिन्न जिलों के शासकीय महाविद्यालय के 78 प्राध्यापकों एवं काउंसलरों द्वारा जबलपुर संभाग के महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक मोबाईल एवं ई मेल के माध्यम से "निःशुल्क ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग" प्रदान की जायेगी।

इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष राव, काउंसलर डॉ. उर्मिला शर्मा, डॉ. मधु अवस्थी, डॉ. श्रद्धा तिवारी, डॉ. सुमित पासी डॉ. रजनी रघुवंशी, डॉ. नीलिमा उपस्थित रही।

# केंट व्यापारियों को किया जा रहा बेवजह परेशान

**जबलपुर।** केंट बाज़ार व्यापारी संघ ने छावनी अधिशासीय अधिकारी जबलपुर (केंट सीईओ) केंट को ज्ञापन सौंपा जिसमें केंट द्वारा नोटिस के विरोध में जवाब दिया गया, दुकान का किराया जो 500 गुना तक बढ़ाया है 200 रुपए का किराया 2000 रुपए प्रतिमाह किया गया है जिसके विरोध में ज्ञापन सौंपकर चर्चा की गई कि ये धारा 2006 अधिनियम का उल्लंघन है और किराया 10 प्रतिशत 5 साल में बढ़ेगा जो नियमानुसार चल रहा है और केंट दुकान ट्रांसफ़र फ़ीस 2000 रुपए थी जिसे 150000 रुपए किया गया ये भी नियम विरुद्ध है इसमें नियमानुसार ही किराया बढ़ाने की माँग की गई। चर्चा के दौरान केंट अधिशासी द्वारा आश्वासन दिया गया कि अबकी बोर्ड मीटिंग में पुनः विचार कर सुधारा जाएगा। ज्ञापन के दौरान केंट व्यापारी अध्यक्ष हरि केशवनी, एड. सतीश अग्रवाल, सुंदर अग्रवाल, संजय जैन, डॉ. अजय वाधवानी, डॉ. ऋषि बवारिया, पंकज गुप्ता, आशीष राव, सौरभ गोयल, जय प्रकाश मुलतानी, छोटू सतनामी, अविनाश दीक्षित, वीरेंद्र साहू, ज्ञानचंद, विक्की अग्रवाल और अन्य व्यापारी शामिल रहे।



# देह व्यापार मामले में कांग्रेस ने एसपी ऑफिस घेरा

## मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग

**जबलपुर।**

गढ़ा थाना अतंर्गत एक होटल में भाजपा नेता द्वारा कराए जा रहे देह व्यापार के मामलें में निष्पक्ष जांच की मांग करने और युवती द्वारा जिन जिन नेताओं और अधिकारियों के नाम बताए गए हैं उन पर भी कार्रवाई करने की मांग को लेकर शहर (जिला) कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ 'नाटी' शर्मा के नेतृत्व में एक ज्ञापन एसपी को सौंपा गया। जिसमें मामलें की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की गई हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित युवती ने सत्ता के संरक्षण में पनप रहे संगठित अपराध का भंडाफोड़ किया हैं।

श्री शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाए हैं कि उसे जबरन भाजपा नेताओं और कुछ प्रभावशाली अधिकारियों के पास भेजा गया और उसकी इच्छा के विरुद्ध देह व्यापार में धकेला गया। यह केवल एक महिला के आत्मसम्मान का हनन नहीं, बल्कि मानवाधिकारों पर सीधा हमला है।



ज्ञापन में मांग की गई है कि सिर्फ एक आरोपी की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं — जिन भाजपा नेताओं और अधिकारियों के नाम पीड़िता ने उजागर किए हैं, उनकी तुरंत गिरफ्तारी की जाए। पूरे कांड की एसआईटी से न्यायिक निगरानी में जांच कराई जाए ताकि किसी भी राजनीतिक दबाव या हस्तक्षेप से न्याय प्रभावित न हो। पीड़िता को सुरक्षा, चिकित्सा, मानसिक परामर्श और पुनर्वास की समुचित व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराई जाए। गवाहों या पीड़िता पर दबाव डालने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता सतीश तिवारी, कमलेश यादव, राजेश सोनकर, अतुल बाजपेई, इंद्रा पाठक, अनुभा शर्मा, राजेंद्र पिल्लै, बलविंदर मान, रामदास यादव, पंकज पांडे, प्रमोद पटेल, मिंटू मिश्रा, अवधेश गुप्ता, विक्रम ठाकुर पप्पू वसीम खान, अशरफ मंसूरी, आजाद अंसारी, दिलीप साहू, याकूब अंसारी, सोनू दुबे, हुकुम चंद जैन, चंदू जैन, सुरेन्द्र तिवारी, दीपक चौधरी, चंदू जैन, रिज़वान अली कोटि, अदनान अंसारी, अभिषेक पाठक, अमित विश्वकर्मा, अमित झरिया, अखिलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सफाई नहीं होने से मेडीकल क्वार्टर्स के कर्मचारियों में फूटा आक्रोश

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत आने वाले आई-टाइप सर्वेंट क्वार्टर्स (क्रमांक 1 से 340) में लंबे समय से नालियों की सफाई और झाड़ियों की कटाई नहीं की गई है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और बीमारी फैलने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। कॉलोनी में निवासरत कर्मचारियों की लगातार शिकायतों और कई बार विभाग को लिखित में सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। जिला स्वास्थ्य समिति के प्रभारी अध्यक्ष ओमप्रकाश पंगरहा द्वारा अधिष्ठाता को एक पत्र सौंपकर मामले की गंभीरता की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में कॉलोनी के बीच से बनी नई सड़क के कारण जल निकासी की परंपरागत व्यवस्था बाधित हो गई है, जिससे आगामी वर्षा ऋतु में कॉलोनी में जलभराव और स्वास्थ्य संबंधी संकट उत्पन्न हो सकता है। पत्र में यह भी बताया गया है कि संबंधित विभाग ने सफाई कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए कार्यवाही करने में असमर्थता जताई है। इस उदासीनता से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी एक सप्ताह के भीतर नालियों की सफाई और झाड़ियों की कटाई संबंधी कार्यवाही प्रारंभ नहीं की जाती है, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अजय कुम्ब दुबे, विपिन पीपरे, सुरेश बाल्मिक, राजेश बैगा, देवेन्द्र अहिरवार, गनेश अहिरवार, अनिल समुद्रे, अमरचंद्र पनगरहा, मोहित वर्मा, सुनील पाठक, अभिजीत सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### काछी समाज के होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान 15 को

**जबलपुर।** काछी समाज विकास समिति पटेल नगर, महाराजपुर, सुहागी के तत्वावधान में 15 जून रविवार को प्रातः 9 बजे से परसराम हायर सेकेण्डरी स्कूल महाराजपुर में कबीर जयंती होगा तथा समारोह में संतों के प्रवचन एवं काछी समाज के कक्षा 10वीं 12वीं के छात्र छात्राओं जिनका परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत या अधिक है उनका सम्मान किया जायेगा।

# शिखा जैन को पीएचडी

**जबलपुर।** शिखा जैन को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा शोध कार्य रोजगार सृजन में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की भूमिका का समीक्षात्मक अध्ययन जबलपुर जिले के विशेष संदर्भ पर पीएच डी की उपाधि प्रदान की गई है। शिखा जैन ने शोध कार्य डॉ. अरूणा पाठक सहा. प्राध्यापक वाणिज्य विभाग माता गुजरी महिला महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में पूरा किया है। शिखा जैन नचिकेता इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी महाविद्यालय में सहा. प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। शिखा जैन स्व. श्री अशोक कुमार जैन एवं श्रीमति विद्या जैन की पुत्री एवं संतोष कुमार जैन की भतीजी है।



### प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए शिक्षकों की नई नियुक्ति की जाए, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि शासन की योजना के अन्तर्गत शासकीय शालाओं में प्री प्राइमरी की कक्षाओं का संचालन भी किया जाने लगा है परंतु प्री प्राइमरी कक्षाओं के संचालन हेतु अभी तक अलग से शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की है या यूं कहें की नई नियुक्ति नहीं की गई है जिस वजह से जो शिक्षक पहली और दूसरी कक्षा पढ़ाते हैं उन्हें ही प्री प्राइमरी की कक्षा भी पढ़ाना पड़ रहा है इससे शिक्षकों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है जिससे अध्यापन कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जबकि शासन को इस योजना के तहत अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति करना चाहिए जिससे प्री प्राइमरी कक्षाओं का अध्यापन कार्य और छोटे बच्चों की देखरेख सुचारू रूप से पृथक से की जा सके। अतः संगठन मुख्यमंत्री से मांग करता है की विद्यार्थियों/छोटे बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए अलग से नये शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।



# निःशुल्क पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर एवं कुकुकुट वितरण कार्यक्रम

**जबलपुर।**

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के लाभार्थियों के लिये निःशुल्क पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर एवं कुकुकुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सिलुआ में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन में अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा एवं प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ सुनील नायक सर का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम में अनुसूचित जाती के 30 लाभार्थियों को 10 मुर्गियों की इकाई, फीडर, वाटरेर, मेडिसिन एवं मुर्गियों का दाना निशुल्क प्रदान किया गया। इस आयोजन में परियोजना अन्वेषक प्रमुख डॉ. रुचि सिंह, सह प्रमुख डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. भावना गुप्ता, डॉ पूनम शाक्या, डॉ पुष्कर शर्मा, डॉ रश्मि कुलेश, का सराहनीय योगदान रहा।





# बच्चे बने अतिथि, बड़ों का हुआ सम्मान...

**जबलपुर।** माहेश्वरी समाज द्वारा (उत्पत्ति दिवस) महेश नवमी के शुभ अवसर पर माहेश्वरी मण्डल, माहेश्वरी महिला एवं युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में महेश भवन गोपाल बाग में आयोजित किया गया। माहेश्वरी समाज के लिए इस दिन का विशेष महत्व है। इसे पूरा समाज मिलकर देश-विदेश में दीपावली की तरह मनाता है। कहीं दो दिन, तो कहीं तीन दिन, कहीं-कहीं तो इसे एक सप्ताह तक उत्सव के रूप मनाया जाता है। जबलपुर में महेश नवमी कार्यक्रम 03 एवं 04 जून को आयोजित किया गया।

3 जून को रुद्राभिषेक पश्चात मेधावी छात्र सम्मान एवं वरिष्ठजन (75 वर्ष से अधिक) का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विद्यार्थी जो सम्मानित हुए- आकर्ष आशीष मालपाणी, मान्या पंकज माहेश्वरी, शुभ राकेश हरकुट, गौरवी आदर्श असावा, लकी पवन मानधन्या, कृतान्या अनिरुद्ध मालपानी, भावनी दीपक सोमानी, नित्या मालपानी, दिशिका अनुराग जेठा।

हमारे प्रेरक एवं मार्गदर्शक वरिष्ठ जन हुए सम्मानित- 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया एवं प्रत्येक के द्वारा समाजहित में किये कार्यों को सराहा गया व उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया गया। वरिष्ठजनों में सावित्री देवी होलानी, टीकाराम मानधन्या, गोकुल चंद बियाणी, राजेश्वरी बियाणी, प्रेम नारायण राठी, पुष्पा राठी, प्रहलाददास राठी, मनोरमा राठी, कमला मालपानी, रमादेवी करवा, ललित भट्टर, मोहन साबू, विमला साबू, शशिकला असावा, मनांरमा चांडक, गोविंद करवा, गीता राठी, शिव नारायण जेठा, बलदेव होलानी, गिरिराज चाचा, पुष्पा गांधी, प्रेम शंकर मालपाणी, रतन प्रभा सुरजन, प्रकाश मालपानी, पुरुषोत्तम भट्टर, रूपवती भट्टर, चित्रा मालपानी, प्रहलाद काबरा, चंद्र मोहन, सुमन असावा, कमला राठी एवं दिनेश सुरजन सम्मानित किए गए।

वरिष्ठजन सम्मान समारोह प्रभारी मनीष भट्टड़ ने बताया कि वरिष्ठजन सम्मान में हमें शरद काबरा जिलाध्यक्ष, प्रकाश चांडक, दीपक मालपानी, विनोद मालानी, रामावतार सारडा, वल्लभदास पलोड़, निमिष भट्टर, कृष्ण कुमार सादानी, नवनीत बंग, राजेश कयाल, शरद जेठा, सुशील सादानी, रूपकिशोर जेठा, अनुराग जेठा, आशीष मालपानी, श्रीमती निर्मला जेठा, सुमन सादानी, अनीता जेठा, अनीता मूंदडा, मेघा सामानी, दीप्ति जेठा, नेहा जेठा, गीता जेठा, सीमा राठी, अर्चना माहेश्वरी एवं बीना मालानी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान एवं 'नो सिंगल यूज़ प्लास्टिक' जागरूकता कार्यक्रम आज से

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान एवं 'नो सिंगल यूज़ प्लास्टिक' पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 05 जून प्रातः 07 बजे से ग्वारीघाट में किया जा रहा है। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा, जो सिद्ध गणेश मंदिर, ग्वारीघाट से प्रारंभ होकर सिद्ध घाट तक जाएगी। इसके साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक की रोकथाम के संदेश को लेकर स्काउट-गाइड CLAP क्लब द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। सहभागिता हेतु जिला सचिव व्ही.के. झारिया, संयुक्त सचिव अमिता चौधरी एवं CLAP डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत ने सभी नागरिकों से सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने का अनुरोध किया है।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान पर कृषक संवाद संपन्न

**जबलपुर।** जबलपुर जिले के लामी ग्राम पंचायत (शहपुरा विकासखंड) में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 जो कि राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश में कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आईसीएआर कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं राज्य कृषि विभाग के सहयोग से 29 मई से 12 जून तक चलाया जा रहा है, इसी क्रम में एक वृहद कृषक संवाद/ परिचर्चा का आयोजन 04 जून को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जेएस मिश्र निदेशक, खरपतवार अनुसंधान निदेशालय रहे, जिन्होंने कृषक भाई-बहनों से कहा कि उन्नत कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, पशुपालन को वैज्ञानिक तरीके से करें ताकि ज्यादा से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एवं आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में डॉ. पीके सिंह, एसके निगम, डॉ. एके सिंह, डॉ. साहू, डॉ. इंदिरा त्रिपाठी सहित पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कृषक उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **THAKUR PRASAD MISHRA** is legally Father of No **17000229X** Rank **NK** Name **SHAILENDRA KUMAR MISHRA** presently, residing at **VILL-PACHALI KALAN, PO-KALWALIYA, TEH-BIRSINGHPUR, DISTT-SATNA (MP)-485226** I, have changed of my name and date of birth from name **THAKUR PRASAD** and date of birth **01/11/1956** (Name and date of birth as per my **SON,** Army service records)) to name **THAKUR PRASAD MISHRA** and date of birth **01/01/1952** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **03/06/2025** formerly before Public Notary MP HIGH COURT, JABALPUR

**CORRECT NAME**
**THAKUR PRASAD MISHRA**
**INCORRECT NAME-THAKUR PRASAD**
**CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1952**
**INCORRECT DATE OF BIRTH- 01/11/1956**

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **SAVITRI DEVI MISHRA** is legally Mother of No **17000229X** Rank **NK** Name **SHAILENDRA KUMAR MISHRA** presently, residing at **VILL-PACHALI KALAN, PO-KALWALIYA, TEH- BIRSINGHPUR, DISTT-SATNA (MP)-485226** I, have changed of my name and date of birth from name **SAVITRI DEVI** and date of birth **17/12/1960** (Name and date of birth as per my **SON,** Army service records)) to name **SAVITRI DEVI MISHRA** and date of birth **01/01/1953** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **03/06/2025** formerly before Public Notary MP HIGH COURT, JABALPUR

**CORRECT NAME**
**SAVITRI DEVI MISHRA**
**INCORRECT NAME-SAVITRI DEVI**
**CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1953**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-17/12/1960**